आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 8 सितंबर 2024 ■ भाद्रपद पक्ष-5 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-161 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 9 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

ट्रक और कार की भिड़ंत, दो की मौत

जशपुर,10 सितंबर। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है.

नेशनल हाईवे 43 पर तेज रफ्तार ट्रक और कार के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों को रांची रेफर कर दिया गया है. यह घटना सिटी कोतवाली के बालाछापर की है. जानकारी के अनुसार कार सवार लोग जनकपुर (मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर) से रांची जा रहे थे, तभी नेशनल हाईवे 43 पर बालाछापर के पास कार को सामने से आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी. इस भीषण हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं कार में सवार अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं सभी घायलों को जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया है. घटना के बाद ट्रक ड्राईवर मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है. जशपुर सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है.

लड़कियों को फ्री शराब का ऑफर देना 2 बारों को पड़ा महंगा

बिलासपुर,8 सितंबर। बिलासपुर शहर में दो बारों पर अश्लील विज्ञापन देकर लड़कियों को फ्री शराब का ऑफर देने और युवाओं को नशे के लिए प्रेरित करने के आरोप में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। तंत्रा और ओमिगेज बार ने सोशल मीडिया

पर फ्री अनलिमिटेड शॉट्स फॉर गर्ल्स जैसे अश्लील और कामोत्तेजक पोस्ट किए थे, जिससे लड़कियों और महिलाओं को आकर्षित किया जा रहा था। कुछ युवतियों ने इस अश्लील विज्ञापन की शिकायत पुलिस से की, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों बारों के खिलाफ केस दर्ज किया। बार संचालकों पर यह आरोप है कि वे हर सप्ताह महिलाओं को फ्री ड्रिंक्स का ऑफर देकर उन्हें नशे की ओर धकेलने की कोशिश कर रहे हैं। एक सोशल मीडिया विज्ञापन में, जहां डेडिकेटेड नाइट फॉर लेडीज जैसी लाइनों का उपयोग किया गया, वहीं एक दुल्हन के चित्र का इस्तेमाल कर परंपरा और संस्कृति का भी अपमान किया गया।

कोयला बंकर धंसने से 7 मजदूर दबे, एक की मौत

सरगुजा,8 सितंबर। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मां कुदरगढ़ी एल्युमिनियम प्लांट में

दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. प्लांट के कोयला बंकर के गिरने से सात मजदूर उसके नीचे दब गए हैं. इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई है, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है. घायल मजदूर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं बंकर में अभी भी 5-6 मजदूर दबे हुए हैं, जिनका रेस्क्यू किया जा रहा है.

डीजे की धुन पर नाचने को लेकर खूनी संघर्ष,तीन भाइयों की मौत

भिलाई,8 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के नंदिनी खुंदनी में तीन युवकों की हत्या हो गई। गणेश प्रतिमा लाने के दौरान डीजे पर डांस को लेकर हुए विवाद के बाद दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडा व चाकू चला। इस घटना में तीन भाइयों की हत्या कर दी गई। मृतकों में करण यादव, वासु यादव व राजेश यादव का नाम शामिल हैं। इसमें करण और वासु सगे भाई हैं। जबकि राजेश उनका चचेरा भाई है। घटना को लेकर देर रात हंगामे की स्थिति बन गई। सूचना के बाद एसपी जितेन्द्र शुक्ला के साथ आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद पुलिस ने इस मामले में 8 युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है जानकारी के अनुसार घटना की शुरुआत गणेश चतुर्थी के एक दिन पहले 6 सितंबर को हुई। शीतला गणेश समिति के युवक डीजे बजाते हुए

गणेश प्रतिमा ला रहे थे। रात 8 बजे के आसपास डीजे की धुन पर यादव समाज के धन्नु, करन, वासु, राजेश और इनके अन्य साथी नाचने लगे। इस दौरान धक्का मुक्की के नाम पर भागी पटेल से यादव समाज के चारों लड़कों का विवाद हो गया। बुजुर्गों के हस्तक्षेप से उस वक्त मामला शांत हो गया। इसके बाद 7 सितंबर को 11 बजे के आसपास धन्नू,करण,वासु और राजेश यादव ने सोनू पटेल को घेरकर पिटाई कर दिया। इस बार भी बुजुर्गों ने पहल करते हुए विवाद को फिर से शांत करा दिया लेकिन रात लगभग 8 बजे वासु यादव ने आकाश पटेल फोन कर कहा कि शीतला मंदिर के पास आ जाना। जहां पर आकाश के पहुंचते ही धन्नु यादव ने मार पीट शुरू कर दी। उसके साथ करन, वासु, राजेश यादव भी आकाश को मारने लगे। इस दौरान आकाश के साथ के अन्य 8 से 10 लोग और आ गए और मिलकर धन्नु, करन, वासु, और राजेश यादव को लाठी डण्डे, हाथ मुक्के आदि से बुरी तरह पिटाई कर दी। गंभीर चोट से करन यादव, वासु यादव, राजेश यादव की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। वहीं धन्नू यादव ने आकाश पटेल पर चाकू से हमला किया। जिसमें उसके पेट और हाथ में चोट लगी है। आकाश को चंदूलाल चंद्राकर हास्पिटल में भर्ती कराया गया है इस घटना के बाद गांव के लोग इतने आक्रोशित हो गए थे कि उन्होंने देर रात नंदिनी थाने का घेराव कर दिया। उन्होंने पुलिस प्रशासन की विफलता को लेकर आरोप लगाया और जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्होंने थाना प्रभारी को विवाद की जानकारी दी थी, लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। पुलिस मौके पर तब पहुंची जब तीन की मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे गांव में तनाव का माहौल बन गया। बवाल बढ़ने के बाद पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी ग्रामीण वेदव्रत सिरमौर, एसडीओपी संजय पुण्डीर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे एसडीओपी धमधा संजय पुण्डीर ने बताया कि इस मामले में नंदिनी पुलिस ने आठ संदिग्धों को चिह्नांकित कर अभिरक्षा में लिया है। आकाश पटेल को उपचार के लिए हॉस्पिटलाइज़ किया गया है। धन्नू यादव को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। एसपी ने बताया कि देर रात ग्रामीण आक्रोशित थे लेकिन पुलिस ने व्यवस्था संभाली और लोगों को समझाइश दी। फिलहाल नंदिनी खुंदनी में कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

एथेनॉल और पॉवर प्लांट के विरोध में 30 गांवों की महापंचायत

बेमेतरा,8 सितंबर। जिले के रांका और आसपास के तीस गांवों के लोगों ने रविवार को विशाल महापंचायत बुलाई है। रांका और कठिया के समस्त व्यापारियों ने आज अपनी दुकानें बंद रख कर इस महापंचायत को समर्थन करने का निर्णय लिया है। वहीं बिना विश्वास में लिए गुपचुप एनओसी जारी करने पर सरपंच, सचिव के प्रति ग्रामीणों में बहुत गुस्सा भी अपने चरम पर है। बंजर जमीन में लगने वाले प्लांट की गांव के अंदर कृषि भूमि में लगाने के विरोध में रांका और पथर्रा सहित आसपास के 30 गांवों के लोगों द्वारा 8 सितंबर को महापंचायत का आयोजन रखा गया है, जहां शासन-प्रशासन द्वारा उद्योग के हित की सर्वोपरी मानते हुए जनता की आवाज को दबाने हर तरह की युक्ति अपनाए जाने से किसानों में भारी आक्रोश पनप रहा है। विगत दो-तीन माह से इसके लिए गांव-गांव में लगातार बैठकें की जा रही है। सुयश बायो फ्यूल के प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार, शिवनाथ नदी से आठ लाख लीटर पानी प्रतिदिन इस प्लांट के लिए लिया जाना प्रस्तावित है, वही पथर्रा प्लांट के लिए प्रतिदिन 4 लाख लीटर पानी का दोहन किया जाना है। उसके साथ ही सरदा में निर्माणाधीन में रायजन स्पंज आयरन द्वारा लाखों लीटर पानी का दोहन शिवनाथ से ही किया जाएगा व इसके वेस्ट को इसी नदी में प्रवाहित किया जाएगा।एथेनाल प्लांट जैसे गंदी बदबूदार प्लांट को चार से पांच किलोमीटर के दायरे में तीन चार प्लांट को कैसे अनुमति दी जा रही है। यह अपने आपमे एक बड़ा सवाल है। इससे ग्रामीण किसान स्तब्ध है। उल्लेखनीय है कि ग्राम कठिया में भी एथेनाल प्लांट प्रस्तावित है। रांका में जब से सुयश बायो फ्यूल के लिए भूमि के डायवर्सन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है, तब से लेकर आज तीन वर्षों से यहां के किसान विरोध कर रहे हैं। किसानों का कहना यह है कि प्लांट निर्जन क्षेत्र में बंजर जमीन में लगने वाला प्लांट है। इस क्षेत्र में भैंसा में संचालित प्लांट की भयंकर बदबू और प्रदूषण ने आग में घी डालने का काम कर रही है। इस क्षेत्र के लोग लगातार भैंसा गांव में संचालित प्लांट से होने वाली बदबू और प्रदूषण का अवलोकन कर रहे है।

भैंसा और उसके आसपास के गांव के ग्रामीणों से रूबरू होने के बाद उनकी परेशानी सुनने और स्थल का मुआयना करने के बाद इस क्षेत्र की जनता में शासन-प्रशासन के प्रति भयंकर आक्रोश पनप रहा है और उसी की परिणीति स्वरूप महापंचायत का आयोजन रखा जा रहा है। पहले जहां केवल रांका और पथर्रा के ग्रामीण विरोध कर रहे थे। वहीं अब परिस्थितिवश इसका दायरा आसपास के 30-35 गांवों तक फैल चुका है।

टेक्सास से राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा शुरू

नई दिल्ली,8 सितंबर। भारत और अमेरिका के संबंधों को और मजबूत करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी यूनाइटेड स्टेट्स की तीन दिवसीय यात्रा कर रहे हैं। अपनी यात्रा के पहले दिन राहुल रविवार को टेक्सास के डलास पहुंचे। डलास हवाई अड्डे पर कांग्रेस सांसद के विमान के लैंड होते ही उनका जोरदार स्वागत किया गया। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा और प्रवासी भारतीय कांग्रेस सांसद का स्वागत करने हवाई अड्डे पर पहुंचे थे। फूल देकर और आरती उतारकर राहुल का डलास में स्वागत किया गया। इस दौरान की तस्वीरें कांग्रेस सांसद ने साझा की हैं।

टेक्सास के डलास हवाई अड्डे पर हुए जोरदार स्वागत की कुछ तस्वीरें राहुल गांधी ने अपने फेसबुक पर साझा की।

साव के बयान पर डहरिया का पलटवार-पहले अपना विभाग संभालें

रायपुर,8 सितंबर। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के 'मोहब्बत की दुकान' में ग्राहकों के टोटा वाले बयान पर पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री अरुण साव अपना विभाग चला नहीं पा रहे हैं. पहले अपना विभाग चला लें, फिर टिप्पणी करें.

पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में निकायों के कर्मचारियों ने धरना नहीं दिया था. आज हम सफाई के मामले में पिछड़ गए हैं. विकास के काम 9 माह से ठप पड़े हैं. बीजेपी सरकार में सभी मापदंड खराब होते गए हैं. सरकार का विभागों पर कोई नियंत्रण नहीं रह गया है. बस्तर में जवानों के कैंप लगने के मुद्दे पर शिव डहरिया ने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति खराब न हो, इसे देखकर निर्णय होना चाहिए. केंद्र और राज्य दोनों मिलकर काम करते हैं. राज्यहित को ध्यान में रखकर काम करना चाहिए. वहीं मुख्यमंत्री की बात सुने जाने के सवाल पर पूर्व मंत्री ने कहा कि कलेक्टर और एसपी सुनकर क्या ही कर लेंगे. उन्होंने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अयोग्य लोग खुद को मुख्यमंत्री से ऊपर समझ रहे हैं. मुख्यमंत्री को दोनों उप मुख्यमंत्री हमेशा घेरे रहते हैं.

कोलकाता कांड के विरोध में टीएमसी सांसद का इस्तीफा

नई दिल्ली,8 सितंबर। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने रविवार को कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में बंगाल सरकार के रवैये के विरोध में इस्तीफा दे दिया है। रविवार को उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी को चिट्ठी लिखकर अपना इस्तीफा सौंप दिया है। इस चिट्ठी में जवाहर सरकार ने अपनी ही पार्टी के 'कुछ खास लोगों' पर दबंग रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने अपनी ही पार्टी के नेताओं को कटघरे में ला कर खड़ा कर दिया है। जवाहर सरकार ने चिट्ठी में लिखा, मैं कुछ चीजें बर्दाश्त नहीं कर सकता जैसे भ्रष्ट अधिकारियों (या डॉक्टरों) को प्रमुख और शीर्ष पद मिलना। उन्होंने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ क्रूर बलात्कार और हत्या के बाद बंगाल में विरोध प्रदर्शनों और बवाल के बाद इस्तीफा दिया है। जवाहर सरकार ने कहा है कि जनता का आक्रोश टीएमसी सरकार के प्रति बढ़ते असंतोष को दर्शाता है। उन्होंने कहा है कि ममता बनर्जी की सरकार ने लोगों का विश्वास खो दिया है। उन्होंने कहा, इतने सालों में मैंने कभी सरकार के खिलाफ इस तरह का गुस्सा और अविश्वास नहीं देखा है। घटना पर सरकार की प्रतिक्रिया पर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, आरजी कर अस्पताल में हुई भयानक घटना के बाद से मैं एक महीने से धैर्य रखने की कोशिश कर रहा हूं और ममता बनर्जी से आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के साथ सीधे

बातचीत की उम्मीद कर रहा था। ऐसा नहीं हुआ है और सरकार जो भी कदम उठा रही है वह काफी कम है और वह एक्शन बहुत देर से लिए गए हैं।

अपनी चिट्ठी में जवाहर सरकार ने कई महीनों तक बनर्जी से निजी तौर पर बात न कर पाने पर भी निराशा व्यक्त की। उन्होंने लिखा, आपने मुझे तीन साल तक संसद में बंगाल के मुद्दों को उठाने का अवसर दिया इसके लिए मैं फिर से आभार व्यक्त करता हूं लेकिन अब मैं सांसद के रूप में बिल्कुल भी काम नहीं कर सकता हूं। केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार, सांप्रदायिकता और तानाशाही से लड़ने में कोई समझौता नहीं कर सकता। टीएमसी को सलाह देते हुए जवाहर सरकार ने अपनी पार्टी से टकराव को दूर करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विरोध मुख्य रूप से राजनीतिक उद्देश्यों के बजाय न्याय और सजा दिलवाने के लिए हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पार्टी सही कदम नहीं उठाएगी तो सांप्रदायिक ताकतें इस राज्य पर कब्जा कर लेंगी। जवाहर सरकार ने राजनीति से पूरी तरह हटने की अपनी मंशा की घोषणा करते हुए कहा, मैं जल्द ही दिल्ली जाऊंगा और राज्यसभा के सभापति को अपना इस्तीफा सौंपूंगा और खुद को राजनीति से पूरी तरह से अलग कर लूंगा।

नकली खाद बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश

कांकेर,8 सितंबर। कृषि विभाग द्वारा नमक को रंगकर खाद के रूप में बेचने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। पखांजूर में जब्त किए गए एक ट्रक से बरामद खाद के नमूनों की जांच में यह पता चला कि यह नकली पोटाश खाद है। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के नावा सिटी के जैन केम फूड के मालिकों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, कृषि विभाग द्वारा पखांजूर में ट्रक क्रमांक RG 11 GB 9189 से बरामद खाद का परीक्षण पश्चात खाद नकली होना पाये जाने पर थाना पखांजूर में अपराध 147/2024 पंजीबद्ध कर आरोपियों अनिमेश घरामी निवासी पीव्ही 23 लखनपुर तथा ट्रांसपोर्टर उस्मान खान निवासी राजस्थान की गिरफ्तारी की गई थी। अग्रिम विवेचना में नमक को रंगकर उसे खाद की बोरी में भरकर खाद के रूप में विक्रय करने वाले गिरोह का भण्डाफोड़ हुआ। इस गिरोह में जैन केम फूड नावा सिटी के मालिक विनोद कुमार जैन, विनय कुमार जैन और उपकार जैन निवासी नावा सिटी जिला डीडवाना राजस्थान अधिक मुनाफे के लिए अपनी फैक्ट्री में नमक को रंगीन बनाकर नकली पोटाश खाद के रूप में तैयार किया जाता था। शिवकृष्ण गुर्जर निवासी और ओमप्रकाश भदाना निवासी जयपुर राजस्थान, जैन केम फूड फैक्ट्री में इंडियन पोटास लिमिटेड हाईटैक बायोटैकनोलाजी

लिखा हुआ (प्रिंटेड) बारदाना (बोरा) पहुँचाते थे जिसमें इस नकली पोटाश खाद की पैकेजिंग की जाती थी। शिवकृष्ण गुर्जर और ओमप्रकाश भदाना इस नकली खाद की मार्केटिंग करते थे और अपनी पार्टनरशिप फर्म ओपीएस किसान एग्रोकेयर प्राऽलिऽ के बिल के द्वारा विक्रय कर ट्रांसपोर्टर दौलत सिंह निवासी नावा सिटी राजस्थान की ट्रक में लोड करवाकर विभिन्न राज्यो के विक्रेताओं को भेजते थे। पखांजूर थाना की पुलिस टीम ने नावा सिटी राजस्थान से अपराध में शमिल चार आरोपियों विनोद कुमार जैन, विनय कुमार जैन, उपकार जैन और दौलत सिंह को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमाण्ड में पखांजूर लाकर न्यायिक रिमाण्ड हेतु कोर्ट में पेश किया गया ।

दो हिस्सों में बंट गई मगध एक्सप्रेस

पटना,8 सितंबर। बिहार में बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। बक्सर-डीडीयू पटना रेल खंड पर चलते-चलते अचानक मगध एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंट गई। घटना डुमरांव और रघुनाथपुर स्टेशन के बीच टुड्डीगंज स्टेशन के पास की है। इस घटना के बाद रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। राहत और बचाव कार्य शुरू हो गया है। प्रारंभिक सूचना के मुताबिक फिलहाल तरह की जान माल की क्षति नहीं हुई है। सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन के साथ-साथ रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं और मामले की जांच कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार डाउन मगध एक्सप्रेस ट्रेन (गाड़ी संख्या- 20802) दुर्घटनाग्रस्त हुई है। ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। घटना डुमरांव से खुलने के थोड़ी देर बाद ही यह हादसा हो गया। मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। ट्रेन में यात्रा कर रहे पैसेंजर ने कहा कि डुमरांव से खुलने के बाद डाउन मगध एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच और एसी कोच अलग-अलग हो गए। ट्रेन

लगभग 40 से 50 किमी प्रति घंटा के रफ्तार से जा रही थी। इस घटना के बाद अफरातफरी मच गई। ट्रेन में हजारों लोग सफर कर रहे हैं. सबसे बड़ी राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई है। यह दुर्घटना डोरीगंज के आगे रेलवे फाटक के पास हुई है। हादसे के बाद ट्रेन का आधा हिस्सा तेजी से आगे बढ़ गया। हालांकि लोको पायलट ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत ट्रेन को रोका। इस बीच बड़ी संख्या में यात्री ट्रेन से नीचे उतर गए।

विष्णुदेव साय की सरकार कौन चला रहा,स्पष्ट करे भाजपा : महंत

रायपुर,8 सितंबर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि मेरे द्वारा छत्तीसगढ़ में धान को लेकर जो सवाल उठाया है उस पर विष्णुदेव साय सरकार व उनको चलाने वाले किसी भी मंत्री या अन्य नेताओं का कोई भी स्पष्टीकरण नहीं आया है, बेहद दुखद बात है। डॉ. महंत ने सवाल किया है कि क्या साय सरकार ने मान लिया है कि भाजपा सरकार में 1 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है ? डॉ. महंत ने कहा कि प्रदेश में विपक्ष सकारात्मक भूमिका के साथ जनता के दुख दर्द और समस्याओं को प्रमुखता से उठा रहा है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। अब तो विपक्ष के साथ-साथ दुर्ग के भाजपा के सांसद विजय बघेल ने भी साय सरकार को अपने वादे निभाने का समरण कराया है। डॉ. महंत यहीं पर नहीं रुके उन्होंने प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता व आठ बार के विधायक और मंत्री रहे रायपुर लोकसभा के भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी छत्तीसगढ़ में सीमेंट के एका एक बढ़े दर को लेकर सवाल उठाया है व प्रति बोरी 50 रुपए के दर से कीमत में जो वृद्धि हुई है उसे कम करने को कहा है। डॉ. महंत ने सवाल किया है कि मैं यह जानना चाहता हु 50 रुपये की वसूली आखिर किसके लिए हो रही है, कहीं चार राज्यों में चुनाव के लिए भाजपा सरकार फंड तो इकट्ठा नहीं कर रही है, साय सरकार को जवाब देना चाहिए। डॉ. महंत ने यह भी कहा कि अब तो प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के बयान और रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा के द्वारा छत्तीसगढ़ में घट रहे अपराध को लेकर जो सवाल किया है उसका भी जवाब साय सरकार को देना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश के लोग

जानना चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ के साय सरकार को आखिर चला कौन रहा है? यदि यह सरकार केंद्र के इशारे पर चल रही है तो लोकसभा के सदस्यों के सवालों का जवाब आखिर भाजपा क्यों नहीं दे रही है। डॉ.महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के बजाय जनप्रतिनिधियों को झूठे मामले में फंसाने सरकार तानाबाना बुन रही है। नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने कहा, दुर्ग-भिलाई में बीती रात तीन युवकों की हत्या का मामला दुखद है, प्रदेश में कानून की स्थिति बहुत खराब है, बीते दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीन दिन छत्तीसगढ़ में रहकर गये हैं, उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि छत्तीसगढ़ के खदानों को निजी हाथों में सौंपने के लिए आए थे या नक्सली उन्मूलन पर क्या कुछ उनकी भूमिका रही है उसे भी प्रदेश के जनता के सामने रखना चाहिए। डॉ. महंत ने कोरबा जिला व उससे लगे जिले में हाथी अभ्यारण्य बनाने की वकालत करते हुए कहा कि इस मुद्दे को बिना किसी राजनैतिक चश्मे से देखने के बजाय केंद्र व प्रदेश सरकार को इसमे ठोस पहल किया जाना चाइये जिससे क्षेत्र में हो रहे हाथी व मानव द्वंद को रोककर बड़ी जन व धन हानि को रोकने कारगर कदम उठाया जाए, छत्तीसगढ़ में विकास के नाम पर सात महीनों में सरकार ने कोई ठोस कार्य नहीं किया है.

उमर अब्दुल्ला अलगाववादी व राष्ट्र विरोधी मानसिकता से ग्रसित हैं : अरुण साव

रायपुर,8 सितंबर। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी एक तरफ कांग्रेस को मोहब्बत की दुकान कहते हैं, दूसरी तरफ नेशनल कांफ्रेंस से गठबंधन करके चुनाव लड़ रहे हैं। अब उमर अब्दुल्ला कह रहे हैं कि, अफजल की फांसी के बारे में पूछा जाता तो मना कर देता। अफजल वही है जो देश के लोकतंत्र के मंदिर संसद में हमला किया था। श्री साव ने कहा कि, ये बयान बताता है कि उमर अब्दुला राष्ट्र विरोधी और अलगाववादी मानसिकता से ग्रसित है। और उसी के साथ आज कांग्रेस खड़ी है। पूछना चाहता हूं कि, कांग्रेस क्या आतंकवादियों के साथ खड़ी है? कांग्रेस क्या अलगाववादियों के साथ खड़ी है? कांग्रेस को यह स्पष्ट करना पड़ेगा। ये मोहब्बत की दुकान कहकर देश के लोगों के आंखों में धूल झोंकना बंद करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि, नेशनल कांफ्रेंस का घोषणा पत्र, जिसमें 370 की वापसी की बात कही गई है, इसके साथ कांग्रेस खड़ी हुई दिख रही है। अब कांग्रेस मोहब्बत की दुकान का दिखावा न करें।

एक नजर

चौक-चौराहों में होने लगी है चर्चा कौन लड़ेगा जिला पंचायत चुनाव

कवर्धा 8 सितंबर। कबीरधाम जिले में जिला पंचायत चुनाव कुछ महीनो बाद होने वाला है लेकिन अभी से ही सुबह से लेकर देर शाम तक बसों में , चौक चौराहों , गार्डन , पान दुकान , होटलों और कांफ्लेक्स में चर्चा होती हुई दिखती है की कौन लड़ेगा जिला पंचायत सदस्य का चुनाव । मुंगेली विधानसभा प्रभारी सीताराम साहू , वर्तमान जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू , सरपंच संघ अध्यक्ष रूपेंद्र वर्मा , पूर्व जनपद सदस्य रूपेश चंद्रवंशी , पूर्व कृषि मंडी उपाध्यक्ष चोवा साहू की नाम की चर्चा खूब होती हुई दिख रही है । जिला पंचायत दस , जिला पंचायत ग्यारह , जिला पंचायत तेरह , जिला पंचायत 14 की ज्यादा चर्चा हो रही है । मोबाइल रिचार्ज महंगाई , महतारी वंदन योजना और प्रत्याशी की छबि को लेकर जनता के मन में चुनावी मुद्दे बनते हुए दिख रहे है ।

बाइक सवार बदमाशों ने छात्र से मोबाइल और साइकिल लूट लिया

भिलाई 8 सितंबर। जामुल थाना अंतर्गत घर लौट रहे एक छात्र को बाइक सवार बदमाशों ने पीछा कर मोबाइल और साइकिल लूटकर फरार हो गए पिता की रिपोर्ट पर मामले में पुलिस ने धारा 309 (4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड नं. 20 कंचादूर निवासी संतोष बघेल (42 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह प्रापर्टी डिलर का काम करता है। उसका पुत्र कुणाल बघेल (14 वर्ष) है जो कक्षा 8 वी में बीएनएस हाऊसिंग बोर्ड में पढ़ाई कर रहा है। उसका पुत्र प्रतिदिन शाम 5.30 बजे अपनी साइकिल से बीएसपी पंत स्टेडियम में बॉलीवाल खेलने जाता है रात में करीब 9.30 बजे वापस घर आता है 5 सितंबर को भी कुणाल बघेल अपनी डोलवेन रेंजर साइकिल में बालीवाल खेलने के लिए पंत स्टेडियम गया था। स्टेडियम से खेलकर वापस घर आते समय रात्रि करीब 09.30 बजे जैसे ही कुरूद से कंचादूर जाने वाले मार्ग में स्थित नाला के पास पहुंचा था कि अचानक एक मोटर साइकिल चालक सामने से आया और प्रार्थी के लड़के के पीछे तरफ जाकर मुड़ कर पीछे पीछे आने लगा और बाइक की हेडलाइट को अपर-डिपर करने लगा।

गलत आरोप,प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने की आत्महत्या

भिलाई 8 सितंबर। प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने आत्महत्या कर लिया थ घटना में पुलिस ने पड़ोसी और उसकी मां के खिलाफ धारा 306, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि ठगडा बांध, जोगी नगर दुर्ग निवासी राधा यादव ने प्रताड़ना से तंग आकर घर पर आत्महत्या कर ली थी पड़ोसी नेमिन और उसकी मां पेरेनिया यादव द्वारा विवाहिता पर गलत आरोप लगाकर प्रताड़ित किया करते थे इससे परेशान होकर राधा यादव आत्महत्या कर ली थी पुलिस में शिकायत के बाद पदमनाभपुर पुलिस जांच में जुट गई जांच में यह बात सामने आई कि पड़ोसी नोमिन, पेरेनिया यादव जबरन विवाहिता पर गलत आरोप लगाकर परेशान किया करती थी आरोपी के पति, दमाद के साथ संबंध होने का आरोप लगाकर राधा यादव को प्रताड़ित करते थे इसे लेकर कई बार विवाद भी किया था।

सेल-बीएसपी की महाप्रबंधक विंग्स ऑफ़ स्टील पुरस्कार से सम्मानित

भिलाई, 8 सितंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एमडब्ल्यूआरएम विभाग की महाप्रबंधक सुश्री अनुपमा कुमारी को नई दिल्ली में 4 सितंबर को भारतीय स्टील एसोसिएशन के विंग्स ऑफ़ स्टील पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें आईएसए स्टील अवार्ड की जेंडर एंड डायवर्सिटी श्रेणी के अंतर्गत इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार नई दिल्ली स्थित होटल में दिया गया, जहाँ आईएसए स्टील कॉन्क्लेव के दो दिवसीय, 5वें संस्करण का आयोजन किया गया था। यह पुरस्कार 4 सितंबर को इसके उद्घाटन सत्र के दौरान सेल-बीएसपी की सुश्री अनुपमा कुमारी को प्रदान किया गया। महाप्रबंधक सुश्री अनुपमा कुमारी ने आईएसए लिंग विविधता पुरस्कार 2024 जीतकर सेल-बीएसपी का नाम रौशन किया है। सुश्री अनुपमा कुमारी को यह पुरस्कार, लिंग विविधता को आगे बढ़ाने के लिए उनके अभिनव दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता के लिए प्राप्त हुआ है।

निधन

नीलमणि चन्द्राकर

उतई। नीलमणि (नीलू) चन्द्राकर जी उम्र 56 वर्ष ग्राम लोहरसी का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया है द्य वह बाबूलाल चन्द्राकर के बड़े पुत्र, लोकमनी चन्द्राकर अध्यक्ष भाजपा उत्तर मण्डल के बड़े भाई एवं श्रीमति हर्षा चन्द्राकर जिला पंचायत सदस्य के जेठ थे द्य जिसका मिट्टी का कार्यक्रम दिनांक 08/09/2024 दिन रविवार को सुबह 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम लोहरसी में किया जाएगा।

सरस्वती यादव

उतई। ग्राम करगाडीह निवासी श्रीमती सरस्वती यादव पति विष्णु यादव उम्र 55 वर्ष का आकस्मिक निधन सुबह 8 सितंबर दिन रविवार को हो गया. इनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में सुबह 10 ः 30 बजे किया जायेगा. वें विष्णु यादव कि पत्नी तथा भागवत यादव व कोसरिया यादव समाज युवा के संघ जिला सचिव ओम प्रकाश यादव कि माता थी।

तिजहारिनों को विधायक ने दी सौगात, इलेक्ट्रिक बसों के लिए 7 करोड़ के प्रोजेक्ट को हरी झंडी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 8 सितंबर। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रयास से भिलाई वासियों को 50 सिटी बस की सौगात मिलने जा रही है। सेन के इस प्रयास को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 7 करोड़ के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि अगले वर्ष तीज त्यौहारों की तैयारी को लेकर होने वाली मार्केटिंग और अत्यंत कम दर पर मायके आने जाने के लिए ये सिटी बसें माताओं बहनों के लिए आवागमन का बेहतर माध्यम साबित होंगी। सेन ने इसके लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए बताया कि 7 करोड़ रुपये के लगभग का यह प्रोजेक्ट स्वीकृत किया गया है। सभी 50 इलेक्ट्रिक सिटी बसों का किराया भी न्यूनतम होगा क्योंकि इनका संचालन पेट्रोल डीजल से नहीं बल्कि बिजली चार्ज से होना है। बस को चार्ज करने के लिए डी मार्ट के समीप एक चार्जिंग डिपो भी बनेगा। इस प्रोजेक्ट का कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा और पूरे सेटअप को तैयार करने में लगभग 6 से 8 महीने का समय लगेगा। विधायक रिकेश सेन ने आगे बताया कि

इलेक्ट्रिक सिटी बसों के संचालन से जहां भिलाई वासियों को मार्केट, अस्पताल, निगम, जिला प्रशासन कार्यालय सहित समीपस्थ स्थानों पर सुलभ आवागमन अत्यंत कम किराया पर सुनिश्चित होगा वहीं शहर के प्रदूषण को कम करने में भी हम कामयाब होंगे। हम लोग अधिकतर देखते हैं कि खासकर महिलाओं को डीजल के धुएं की वजह से वोमिटिंग होती है, इलेक्ट्रिक बस यह समस्या भी दूर हो जाएगी। सेन ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसें आने से प्रदूषण से भी काफी राहत मिलेगी। पेट्रोल व डीजल के बढ़ते दाम को देखते हुए यह बस काफी किफायती रहने वाली हैं। बहुत जल्द पूरे प्रोजेक्ट की रूपरेखा जमीन पर दिखेगी, सिटी बस संचालन कंपनी और इसमें लगने वाले ड्राइवर, चार्जिंग स्टेशन, इलेक्ट्रिक रिपेयर मैनेजमेंट और बिजली खर्च आदि के लिए स्थानीय भर्तियां भी होंगी। इलेक्ट्रिक बसें चलने में काफी आरामदायक होती हैं। बसों में बैठने की सीट काफी आरामदायक होगी जिससे सिटी बस खासकर बुजुर्गों के लिए भी वरदान साबित होगी। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन रुकने वाली ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने और शोर के स्तर को न्यूनतम रखने की अपनी क्षमता के कारण इलेक्ट्रिक बसों से पर्यावरणीय लाभ भी होगा। अमूमन डीजल बसों का धुआं स्वास्थ्य के लिए खतरा है। इलेक्ट्रिक बसों में शून्य टेल्पाइप उत्सर्जन होता है। हम सभी जानते हैं कि भिलाई को स्मार्ट शहर के रूप में ले जाने के लिए परिवहन प्रणालियाँ स्वच्छ हवा, डीकार्बोनाइजेशन और जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ये इलेक्ट्रिक सिटी बसें काफी उपयोगी होंगी क्योंकि वायु प्रदूषण जनसंख्या के मृत्यु दर के जोखिम को काफी हद तक बढ़ा रहा है।

महापौर ने गणेशोत्सव की शहर वासियों को दीं शुभकामनाएं

दुर्ग, 6 सितंबर। गणेश चतुर्थी पर शनिवार को घर- घर एवं शहर में जगह-जगह गणेश प्रतिमाएं स्थापित करने की तैयारी चल रही है। नगर निगम दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल ने शहरवासियों को प्रथम पूज्य देव श्रीगणेश की दस दिवसीय विशेष सार्वजनिक पूजा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने भगवान श्रीगणेश से सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य, शांति प्रदान करने की प्रार्थना की है।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा विघ्नहर्ता भगवान गणेश से इस अवसर पर शहर व प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है।उन्होंने कहा है कि पूरे देश के साथ छत्तीसगढ़ में भी भगवान गणेश की आराधना का यह पर्व पूरी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जाता है।

दीपशिखा विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया,किया सम्मान भी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा 8 सितंबर। दीपशिखा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डूमरडीह (उतई)में शिक्षक दिवस व सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । मुख्य अतिथि श्रीमती रजनी बघेल धर्मपत्नी सांसद विजय बघेल दुर्ग विशिष्ट अतिथि पी.सी. बाग (जी एम ऑक्सीजन प्लांट भिलाई) एस के मानिकपुरी (ए जी एम ऑक्सीजन प्लांट भिलाई) अध्यक्षता दीपशिखा शिक्षण समिति के डायरेक्टर डी एल सिन्हा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती रजनी बघेल ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है । किसी भी राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है । विशिष्ट अतिथि पी सी बाग एवं एस के मानिकपुरी ने कहा कि बच्चों के चरित्र निर्माण में माता की भूमिका अहम होती है एवं मां ही प्रथम गुरु होती है । डायरेक्टर डी एल सिन्हा ने कहा कि शिक्षक ही छात्र-छात्राओं को संवारने का कार्य करते हैं। वे विद्यार्थियों को न केवल पुस्तकीय ज्ञान देते हैं बल्कि उनके भविष्य में आने वाले परेशानियों से सामना

करने का साहस का गुर भी सिखाते हैं। शिक्षक समाज में सबसे सम्मानित व्यक्ति होता है। इंग्लिश मीडियम प्रभारी प्राचार्य श्रीमती शांता सोनवानी देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बारे में विस्तार पूर्वक से जानकारी दी। शाला प्रबंधन द्वारा शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को उपहार देकर केजूराम साहू सदस्य दामेश्वर प्रसाद साहू प्रधान पाठक एन के चंद्राकर उप प्रधान पाठक एस आर सेन प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अनीता यादव शरणजीत कौर दिनेश कुमार सिन्हा दीपशिखा सिन्हा एवं समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे । आभार प्रदर्शन प्राचार्य के आर सिन्हा ने किया।

सम्मानित किया गया तथा साथ में विद्यार्थियों ने भी अपने गुरुजनों को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किये इस अवसर पर प्राचार्य के आर सिन्हा पालक शिक्षक समिति के पूर्व अध्यक्ष

अखलाकी मुहासिन आजादी के जामिन अभियान का जोरदार स्वागत

भिलाई, 8 सितंबर। छत्तीसगढ़ राज्य में अखलाकी मुहासिन आजादी के ज़ामिन अभियान का जोरदार स्वागत हुआ। इस अभियान का लॉन्चिंग प्रोग्राम 28 अगस्त रविवार को हुआ । यह अभियान जमाअत इस्लामी-ए-हिंद की महिला शाखा द्वारा सितंबर माह में चलाया जा रहा है। इस्लामी विद्वान एवं सामाजिक कार्यकर्ता न्याज़ अहमद ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में गिरते नैतिक मूल्यों और महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना है। जमात इस्लामी-हिंद ने हमेशा से महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा के लिए काम किया है। अभियान के लॉन्चिंग समारोह में राष्ट्रीय सचिव रज़ीउल इस्लाम ने मानवाधिकारों के उल्लंघन और स्वतंत्रता के नाम पर होने वाली तबाही पर जोर दिया।

उन्होंने इस्लामी नैतिकता और मूलभूत अधिकारों के महत्व पर बल दिया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के निदेशक रज़वान रहीम ने युवाओं और किशोरों के नैतिक पतन के खतरों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए राज्य के सभी शाखाओं के जिम्मेदारों को सक्रिय और प्रबंधन में तैयार रहने का निर्देश दिया। मुशावरती की सदस्य फाखरा तबस्सुम ने भारतीय समाज में ध्यान देने योग्य बिंदु पर चर्चा करते हुए अलग-अलग धर्मों के बीच संवाद के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्रेम और सद्भावना के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया। नाज़्मा हलका सुल्ताना परवीन ने अभियान की आवश्यकता और उपयोगिता पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन सीआईओ की जोनल सचिव जवेरिया बानो ने किया। राज्य अभियान संयोजक नुज़हत आबिदा ने अभियान की रूपरेखा और गतिविधियों के बारे में बताया।

कवर्धा। गणेश चतुर्थी पर सात सितंबर शनिवार को पूरे विधि विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना की । नारियल , फल , लड्डू चढ़ाकर और अगरबत्ती , दिया जलाकर भगवान गणेश जी की पूजा की गई ।

कवर्धा। श्री गजानंद परिवार गणेशोत्सव समिति राजमहल चौक कवर्धा के पंडाल में गणेश चतुर्थी को गणेश प्रतिमा स्थापित की गई।



भिलाई, 8 सितंबर। प्रसिद्ध चित्रकार बृजेश तिवारी द्वारा बनाई गयी विघ्नहर्ता, ब्रम्हांड नायक श्री गणेश जी की पेंटिंग।

हिंदी को आत्मसात करें और शतप्रतिशत उपयोग करना शुरू करें:पवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 8 सितंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विभाग द्वारा 6 सितम्बर को इस्पात भवन में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यालयीन कार्यों में इसका अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि हम हिंदी को आत्मसात करें, हिंदी का शत-प्रतिशत उपयोग करना शुरू करें, ऑनलाइन नोटशीट भी हिंदी में ही बनाएँ। अध्यक्षता कर रहे संदीप माथुर ने कार्यशाला को संयंत्र के समग्र निष्पादन के लिए लाभकारी बताया, प्रत्येक तिमाही में कार्यशाला का आयोजन करने की प्रतिबद्धता दोहराई और वॉइस टाइपिंग को कार्यालयीन कार्यों के लिये बहुउपयोगी निरूपित किया। कार्यशाला में उप प्रबंधक गिरीश कुमार मढ़रिया ने स्वरचित कविता मेरा भिलाई का पाठ किया जिसे समस्त प्रतिभागियों ने भरपूर सराहा। कार्यशाला में सामान्य ज्ञान, पर्यावरण, सुरक्षा एवं पारिभाषिक शब्दावली पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसके

विजेता इस प्रकार रहे-प्रथम के जोत कुमार उप प्रबंधक, द्वितीय एम वी वी प्रसाद वरिष्ठ प्रबंधक, तृतीय सुश्री समायका अंसारी उप प्रबंधक। प्रोत्साहन पुरस्कार-सुश्री अनुराधा सिंह महाप्रबंधक, गिरीश कुमार मढ़रिया उप प्रबंधक और राहुल थोटे वरिष्ठ प्रबंधक ने प्राप्त किया। साथ ही हिंदी ज्ञान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता में सौमिक डे, विकास चन्द्रा, सुश्री के सुपर्णा, राजीव कुमार, कौशल कुमार साहू, नरेन्द्र इंगले एवं सुश्री प्रियंका मीना विजेता रही। महाप्रबंधक (संपर्क, प्रशासन व जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा) सौमिक डे ने ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग का प्रदर्शन किया। विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी एवं उप महाप्रबंधक राजीव कुमार ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राजभाषा अधिकारी व उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यशाला में महाप्रबंधक गण सूरज सोनी, सुश्री अनुराधा सिंह, सुश्री के सुपर्णा, सुश्री आर रंजनी, विकास चन्द्रा, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार, प्रताप शेखर नायक, सहायक महाप्रबंधक गण कौशल कुमार साहू, बिजू जॉर्ज, सुश्री जया रॉय, सुश्री पद्मिनी कुमार, तुषार रॉय चौधरी, नरेन्द्र इंगले, वरिष्ठ प्रबंधक गण राहुल थोटे, सुश्री प्रियंका मीना, सुश्री निशा बाउल उपस्थित थी। विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी उप महाप्रबंधक राजीव कुमार ने आभार प्रदर्शन किया। संचालन उप प्रबंधक सुश्री शालिनी चौरसिया ने किया।

3 करोड़ की देनदारी में चार मंजिला इमारत अपार्टमेंट को किया गया सील

भिलाई, 8 सितंबर। कलेक्टर के जब्ती आदेश के बाद एनफोर्समेंट डायरेक्टर सूर्यकान्त यादव के नेतृत्व में लगभग 3 करोड़ की देनदारी में चार मंजिला इमारत अपार्टमेंट को सील कर दिया गया। इस अपार्टमेंट में करीब 10 परिवार निवास कर रहे थे। पूरी कार्रवाई में तहसीलदार मनीष वर्मा, एनफोर्समेंट डायरेक्टर सूर्यकांत यादव के योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करने के बाद पूरी कार्यवाही में सफलता पाई गई। इस पूरी कार्रवाई में बी.ओ.बी से प्राधिकृत अधिकारी राजेश ठाकुर, लीगल ऑफिसर अनिल शर्मा, शैलेंद्र शर्मा एवं थाना सिटी कोतवाली से भी सहयोग प्राप्त हुआ। सूत्रों के अनुसार पूरे परिसर को सील करने में कार्यवाही करने वाली टीम को बहुत मशक्कत करनी पड़ी। इस कार्यवाही में हाई कोर्ट बिलासपुर से भी सहयोग लिया गया। इसके बाद नीलामी की कार्यवाही की जायेगी। अभी तक की यह राजनांदगांव जिले की बहुत बड़ी कार्यवाही है।

समाचार संक्षेप

पोड़ी में देर रात तक घूमने वालों और दुकान खोलने वालों को दी गई समझाइश

कवर्धा 8 सितंबर। जिला एसपी अभिषेक पल्लव और जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मार्ग दर्शन में पोड़ी चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान ने पुलिस विभाग ने साढ़े दस बजे रात को दुकान और ढाबा खोलने वालो को कड़ी समझाइश देते हुए कहा की साढ़े दस बजे से पहले दुकानें , ढाबा बंद कर देना चाहिए और देर रात घूमने वालो को भी समझाइश दी गई की देर रात सड़को पर ना घूमे और नशा करते हुए गाड़ी भी ना चलाए । समय पर दुकान बंद करे और देर रात बिना कारण के यदि घूमते हुए पाए गए और नशा करते हुए गाड़ी चलाते है तो कड़ी कारवाई होगी ।

सोने-चांदी के जेवरात को बेचने ग्राहक की तलाश करते चोर गिरफ्तार

भिलाई 8 सितंबर। सुपेला थाना क्षेत्र सोने-चांदी के जेवरात को बेचने ग्राहक की तलाश करते हुए चोर को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 लाख 10 हजार रुपए के गहने बरामद किया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि 6 सितंबर को खेमलाल साहू निवासी वार्ड नंबर 09 दुर्गा पारा लक्ष्मी नगर सुपेला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने परिवार के साथ खैरागढ़ गया था उसी दौरान अज्ञात आरोपी ने घर का दरवाजा का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी का जेवरात अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में विवेचना के दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति दुर्गा पारा लक्ष्मी नगर में सोना चांदी बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहा है सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा गया संदेही से पूछताछ करने पर अपना नाम कुर्बान अली निवासी दुर्गा पारा लक्ष्मी नगर सुपेला का रहने वाला बताया प्रार्थी खेमलाल साहू के घर से सोने चांदी का जेवरात चोरी करना स्वीकार किया जिनके कब्जे से सोने चांदी का जेवरात कीमती करीबन 2,10,000 रूपये जप्त किया गया आरोपी कुर्बान अली को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में केन्द्रीय जेल भेजा गया।

एसपी ने पाटन थाना पहुंचकर किया आकस्मिक निरीक्षण

भिलाई 8 सितंबर। दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला पाटन थाना पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया एसपी ने थाने में लंबित अपराध, लंबित मर्ग, गुम इंसान समेत शिकायतों का चेक किया एसपी ने थानों के सभी स्टाफ से ईमानदारी और कानून के मंशा के अनुरूप कार्य करने निर्देशित किया इसके अलावा पाटन थाने के मालखाना शस्त्रागार का भी निरीक्षण किया थाना परिसर में वातावरण को स्वच्छ रखने निर्देशित किया है इस दौरान पाटन एसडीओपी आशीष बंछोर, एसपी के साथ पहुंचे थे थाने में टीआई अनिल साहू समेत स्टाफ मौजूद था।

पोड़ी की पुलिस टीम की सक्रियता से जुआरी पकड़ाए

कवर्धा 8 सितंबर। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा नशे के रोकथाम तथा सभी प्रकार के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अनुविभागीय अधिकारी संजय तिवारी के मार्गदर्शन में पोड़ी पुलिस चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान की मॉनिटरिंग में पुलिस द्वारा ग्राम खड़ावदा कला खड़ावदा कला में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए ओम प्रकाश साहू पिता शंभू राम साहू उम्र 35 वर्ष, भगवती साहू पिता मिलाऊ साहू उम्र 45 वर्ष ,होली राम साहू पिता पंचराम साहू उम्र 24 वर्ष, रामनाथ साहू पिता मिलाऊ साहू उम्र 40 वर्ष, कलेज श्रीवास पिता अनुज श्रीवास उम्र 42 वर्ष, श्याम प्रसाद यादव पिता गिरधारी यादव उम्र 32 वर्ष,सभी निवासी खदौड़ा कला शंकर साहू पिता जवाहरलाल साहू उम्र 48 वर्ष ग्राम पांडा तराई जो गांव के रामनाथ साहू के घर के सामने हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे थे जिन पर रेड कार्रवाई कर उक्त आरोपियों कब्जे से 52 पत्ती ताश की गड्डी एवम् 8300 रुपए नगद को जप्त किया जाकर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है ।

सरकार की योजनाओं और नीतियों का उद्देश्य सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना: विजय शर्मा

रायपुर, 8 सितंबर । छत्तीसगढ़ की सरकार समाज को आगे बढ़ाने लगातार कार्य कर रही है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम नवागांव में पटेल भोयारा मरार सामाजिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने सामाजिक भवन निर्माण के लिए समाज को बधाई और शुभकामनाएं दी। उप मुख्यमंत्री ने सामुदायिक शौचालय के लिए 7 लाख और बोर खनन, ग्राम नवागांव में शीतला मंदिर के पास मंच निर्माण के लिए 4 लाख और सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि पटेल समाज द्वारा एक जुटता से बनाया गया यह सामाजिक भवन समाज की एकता को प्रदर्शित करता है। छत्तीसगढ में समाज सामाजिक और

आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार समाज को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार की योजनाओं और नीतियों का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना है। उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक भवनों और अन्य विकासात्मक परियोजनाओं के माध्यम से समाज के उत्थान और समृद्धि को सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समाज का एक सामाजिक भवन होना चाहिए। इससे समाज के नागरिकों को विभिन्न आयोजनों के लिए एक स्थिर स्थान उपलब्ध रहेगा और वे अनेक कार्यक्रम यहां आयोजित कर सकेंगे। सामाजिक भवन समाज की सामाजिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह एक ऐसा स्थान प्रदान करता है जहां लोग मिल सकते हैं, संवाद कर सकते हैं और सामूहिक प्रयासों के लिए एकजुट हो सकते हैं। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि गांव को नशा से मुक्त करने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाया जाना चाहिए जिसमे समाज की भागीदारी बनी रहे। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से जुड़कर नशामुक्त समाज की दिशा में प्रयास करें। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि समाज के विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है। इसलिए, सभी को एकजुट होकर इस समस्या का समाधान करना चाहिए ताकि गांव का हर नागरिक स्वस्थ और सशक्त बन सके। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष पटेल, जनपद सदस्य श्री रवि राजपूत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य परदेशी पटेल, श्री सोहन सिवोपसक, श्री योगेश साहू, श्री ईश्वरी साहू सहित जनप्रतिनिधि, नागरिकगण उपस्थित थे।

एक नजर

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर सीएम ने प्रदेशवासियों को दी बधाई

रायपुर 8 सितंबर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 8 सितंबर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री साय ने अपने संदेश में कहा है कि साक्षरता का विकास से सीधा संबंध है। साक्षरता समाज में समानता, शांति और विकास का मूल आधार है। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस अक्षर ज्ञान की महत्ता बताने का दिन है। यह ज्ञान के प्रकाश से समाज में सुख और समृद्धि फैलाने के संकल्प लेने का दिन है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि साक्षरता के लिए व्यक्तिगत रूचि और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। व्यापक जनभागीदारी से यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि सभी लोग कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं और छत्तीसगढ़ को शत-प्रतिशत साक्षर बनाते हुए डिजिटल साक्षरता, जागरूकता सहित जीवन पर्यन्त शिक्षा की ओर अग्रसर हों। उन्होंने शालाओं और महाविद्यालयों में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि साक्षरता के पुनीत कार्य में भागीदार बनें। साक्षरता की नई उपलब्धियों से प्रदेश में विकास के नए आयाम सुनिश्चित करें।

उपमुख्यमंत्री ने प्राथमिक शाला भवन का किया लोकार्पण

रायपुर, 8 सितंबर। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम गुलालपुर और गांगपुर में 11 लाख 48 हजार रुपए की लागत से निर्मित प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को नए स्कूल भवन की बधाई एवं शुभाकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार प्रदेश के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे इन विकास कार्यों से बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नए भवन से विद्यार्थियों को एक सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा, जिसमें वे अपने भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है और इसलिए सरकार शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इससे बच्चों की शैक्षिक प्रगति में वृद्धि होगी और वे अपने भविष्य के लिए बेहतर तैयारी कर सकेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। प्राथमिक शाला भवन के निर्माण से गाँव के बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिलेगा। उन्होंने आशा जताई कि नए भवन से शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष पटेल, जनपद सदस्य श्री रवि राजपूत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य परदेशी पटेल, श्री सोहन सिवोपसक, श्री योगेश साहू, श्री ईश्वरी साहू सहित शिक्षक, छात्र और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री की पहल पर कोरवा जनजाति के महुआपानी गांव में पहुंचेगी बिजली

रायपुर,8 सितंबर। आजादी के 75 साल बाद जशपुर जिले के बगीचा ब्लॉक में स्थित महुआपानी गांव में आखिरकार वह दिन आने वाला है, जब अंधेरे को चीरते हुए पहली बार बिजली पहुंचने जा रही है। यह गांव विशेष पिछड़ी जनजाति कोरवा बाहुल्य है, जो अब तक बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित था। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के संवेदनशील पहल से पीएम जनमन योजना के तहत इस गांव में बिजली पहुंचाने का कार्य स्वीकृत हुआ है। महुआपानी गांव की यह बड़ी उपलब्धि तब संभव हो पाई जब ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय में गांव में बिजली की समस्या को लेकर आवेदन दिया। उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की गई और अब गांव में बिजली की सुविधा आने वाली है। इस खबर से पूरे गांव में उत्साह का माहौल है और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है। गौरतलब है कि यह गांव जशपुर जिला मुख्यालय से 85 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां 100 से अधिक परिवार रहते हैं, जो वर्षों से बिजली के बिना कठिन जीवन बिता रहे थे।

छत्तीसगढ़ इमरजेंसी मेडिसिन एवं ट्रॉमा सिंपोज़ियम-24 का पहली बार आयोजन

रायपुर 8 सितंबर। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के इमरजेंसी मेडिसिन और ट्रॉमा विभाग द्वारा 7 और 8 सितंबर 2024 को रायपुर में फ्रंटलाइन फ्यूजन, छत्तीसगढ़ इमरजेंसी मेडिसिन और ट्रॉमा सिंपोज़ियम 2024 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एक अनूठा इमरजेंसी सिंपोज़ियम है, जिसे छत्तीसगढ़ में किसी अस्पताल द्वारा पहली बार आयोजित किया गया है, जिसमें प्रभावी सत्र एवं पैनल के माध्यम से इमरजेंसी मेडीसिन एवं ट्रामा विषय पर महत्वपूर्ण चर्चाएं आयोजित की जा रही हैं। हॉस्पिटल के रोजमर्रा के कार्यों में फ्रंटलाइन इमरजेंसी मेडिसिन योद्धाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यह सम्मेलन न केवल इमरजेंसी मेडिसिन के फ्रंटलाइन योद्धाओं को शिक्षित करने का उद्देश्य रखता है, बल्कि भविष्य के डॉक्टरों को भी जानकारी देने के लिए है, क्योंकि इसमें मेडिकल छात्रों से लेकर योग्य इमरजेंसी डॉक्टरों तक ने भाग लिया है। ट्रॉमा से लेकर हार्ट अटैक तक की जानकारी और चिकित्सा प्रक्रिया से संबंधित सत्र इस सम्मेलन के मुख्य आकर्षण हैं। यह कार्यक्रम डॉ. अब्बास नकवी (आयोजन अध्यक्ष), डॉ. संतोष सिंह (आयोजन सचिव और प्रमुख, इमरजेंसी और ट्रॉमा), डॉ. ऋचा कश्यप (सह-सचिव, कंसल्टेंट, इमरजेंसी और ट्रॉमा) और डॉ. अपूर्वा चौधरी के सक्षम मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय इस शैक्षणिक आयोजन में देशभर के प्रतिष्ठित वक्ताओं और रायपुर व छत्तीसगढ़ के अग्रणी इमरजेंसी और क्रिटिकल केयर कंसल्टेंट्स ने भाग लिया।

डोकराभाठा में 54 व अतरिया में 90 छात्राओं को विक्रांत ने बांटी साइकिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खैरागढ़ 8 सितंबर। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल डोकराभाठा व बाजार अतरिया में शनिवार को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कि डोकराभाठा में कक्षा नवमी के 54 छात्राओं व बाजार अतरिया में 90 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने की वही विशिष्ट अतिथि के रूप में खैरागढ़ शहर मण्डल पूर्व अध्यक्ष विकेश गुप्ता, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा व जनपद पंचायत सदस्य पारखदास कोसरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम माँ सरस्वती की तैलचित्र में माल्यार्पण कर विधिवत शुरुआत किया गया ततपश्चात कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार में विकास की गंगा बह रही है, लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है। स्कूली छात्राओ को साइकिल मिलने से

ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्राओं को आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। यही छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे व ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी साथ ही नियमित रूप से विद्यालय आने को प्रेरित भी होंगे। इसी कड़ी में जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने आने-जाने में सुविधा की दृष्टि से साइकिल वितरण योजना का मुख्य उद्देश्य है, बालिकाएं पढ़ेंगी तो परिवार, समाज और गांव का नाम रोशन होगा।इस दौरान छात्राओं ने साइकिल की घंटी बजाकर अपनी खुशी जाहिर की कार्यक्रम के दौरान पूर्व ग्रामीण मण्डल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार जोशी, ग्रामीण मण्डल भाजपा अध्यक्ष केशव चन्देल, राजेन्द्र ताम्रकार,शाला विकास समिति अध्यक्ष उमेश गायकवाड़, कमल शर्मा, विजय गुप्ता केशलाल वर्मा, सतीश जैन, जयप्रकाश जोशी, तुलाराम जांगड़े, आशीष पारख, राजू जोशी, मंशाराम बर्मन, नंदलाल विश्वर्मा, बुधारुराम साहू, नकुलराम बेरवंशी, सुजान निषाद, घसिया छत्रिय, महेश महिलांगे, शुभम पारख, जागेन्द्र मानिकपुरी, नाथूराम बंजारे, मोहन साहू, गजानंद साहू, चन्दू वर्मा, नकुल साहू, जयप्रकाश जोशी, नंदकुमार साहू, सन्तराम जोशी, पूरण वर्मा, जीवन साहू, सहित भाजपाई उपस्थित थे।

तीजा पर्व के बाद माता कौशल्या को लोगों ने भावपूर्ण विदाई दी

रायपुर 8 सितंबर। माता कौशल्या की मायके चंदखुरी आने के उत्साह को लेकर साल भर बड़ी प्रतीक्षा रहती है. वही प्रतीक्षा तीजा पर्व के संपन्न होने के पश्चात पूर्ण हो जाती है ,,.माता कौशल्या संग तीजा तिहार ,,का यह उत्सव अयोध्या से मिट्टी लाने से प्रारंभ होकर मूर्ति निर्माण एवं उसकी प्रतिष्ठा के साथ-साथ तीजा पर्व के विधिवत नेक के साथ बड़ी उत्साह के साथ पर्व काल व्यतीत होता है .लेकिन परंपरा के अनुसार मायके आने वाली माता एवं बहनों को तीजा पर्व के बाद अपनी ससुराल लौटना ही होता है .इसी अनुक्रम में चंदखुरी के ग्राम वासी सहित बड़ी संख्या में पधारे हुए लोगों के माता को विदा देते समय आंखों में आंसू थे बड़े भाव विभोर होकर माता की मूर्ति को पंथी नृत्य एवं रावत नाचा के साथ ग्राम भ्रमण कराते हुए जनसेल तालाब में विसर्जित किया गया. इस कार्यक्रम के सूत्रधार राकेश तिवारी ने आयोजन में सम्मिलित होने वाले लोगों को धन्यवाद देते हुए आगामी वर्ष में इस समारोह को और भव्य रूप में आयोजित करने की बात कही। आज विदाई के शोभायात्रा में माता कौशल्या संग तीजा तिहार के सह संयोजक डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर, हेमलाल पटेल, मनीष लदेर,नरेंद्र यादव मोहन साहू ,प्रभा यादव ,तनु यादव, दिनेश जांगड़े ,दयालु राम यादव, घासीया राम वर्मा, धनीराम सहित बड़े संख्या में ग्रामवासी भाग लिए।

घरेलू काम के संग निरूपा साहू उड़ाती है अब ड्रोन

रायपुर, 7 सितंबर। महिलाएं अब घरों के भीतर चूल्हा- चौका के काम तक सीमित नही रह गई है। वे दिन प्रतिदिन नित नए आधुनिक कार्य को सीखकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने का सतत प्रयास कर रही है। इन्ही प्रयासों में से एक बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम लाहोद निवासी निरूपा साहू अब गांव में ड्रोन वाली दीदी के नाम से जानी जाती है। निरूपा साहू बताती है की उनका मूल घर ग्राम करदा है। लेकिन हम लोग लाहोद में ही निवासरत है। मेरे पति श्री नकुल प्रसाद साहू लवन जिला सहकारी सोसायटी में ऑपरेटर के रूप में कार्य करते हैं, हमारे दो लड़के हैं। दोनो लड़के अभी कक्षा चौथी और कक्षा दूसरी में पढ़ाई कर रहे है। मैं भी 12 वी तक पढ़ी हुई हूं। बचपन से ही मुझे बाहर जाकर कुछ काम करने का मन था ताकि मैं अपने पति के साथ कंधे से कंधे मिलाकर उनका सहयोगी बन सकूं और घर के खर्चों में अपना योगदान कर पाऊं। मैं बिहान अंतर्गत वैभव लक्ष्मी स्व सहायता समूह से जुड़ी हुई हूं, एक दिन कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा ड्रोन चलाने वाले काम के बारे में बताया गया। मैंने इस कार्य में भविष्य की संभावनाएं को देखते हुए तत्काल हामी भरी।उसके बाद इफको कंपनी की सहायता से नमो ड्रोन दीदी की ट्रेनिंग लेने ग्वालियर इंस्टिट्यूट में गई थी। जहां मुझे 15 दिन की ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग के बाद आरपीसी लाइसेंस मिला है। वापस गांव आकर मैं ड्रोन दीदी के रूप में कार्य कर रही हूं। निरूपा आगे बताती है कि अप्रैल में मुझे यह ड्रोन मिला है और तब से वह ड्रोन के माध्यम से किसानों के खेत में दवाई छिड़काव करने का कार्य कर रही है। 300 रूपये एकड़ के हिसाब से चार्ज लेती है।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में तीजा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी 8 सितंबर। बेलरगांव सेंटर में तीजा का त्योहार बड़े ही उमंग उत्साह के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, इस मौके पर ब्रम्हाकुमारीज के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में माताएं उपस्थित थे, तीज पर्व में शामिल माताओं ने शिव लिंग पर बेल पत्र और पुष्प अर्पण कर पूरे विधी विधान से पूजा अर्चना किये, तत्पश्चात बी के दीपिका बहन ने तीजा के आध्यात्मिक रहस्य के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान शिव के प्रति देवी पार्वती की गहरी भक्ति से जुड़ी हुई है। राजा हिमवान की पुत्री पार्वती भगवान शिव से विवाह करना चाहती थीं। इसके लिए उन्होंने कई वर्षों तक कठोर तपस्या की, हालांकि,उनके पिता चाहते थे कि उनका विवाह भगवान विष्णु से हो। इसे रोकने के लिए,

पार्वती की एक करीबी सहेली उन्हें जंगल में ले गई, जहाँ वह बिना किसी बाधा के अपना तपस्या जारी रख सकें। अपनी अटूट भक्ति के कारण, पार्वती के समर्पण ने अंततः भगवान शिव को प्रभावित किया,और वे उनके सामने प्रकट हुए, उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया। तीज का त्योहार देवी पार्वती के दृढ़ संकल्प की कहानी शक्ति और भक्ति का प्रतीक है, इस घटना को हरतालिका तीज त्योहार की उत्पत्ति माना जाता है, तीज पर महिलाएं कठोर व्रत रखती हैं, प्रार्थना करती हैं और अपनी पूजा के हिस्से के रूप में व्रत कथा (पवित्र कहानी) सुनाती हैं। यह एक ऐसा दिन है जो देवी पार्वती के समर्पण और दृढ़ संकल्प का जश्न मनाता है, जिनकी भगवान शिव के प्रति भक्ति को इस अनुष्ठान के माध्यम से सम्मानित किया जाता है। हर तालिका तीज के दिन महिलाएं एक समृद्ध विवाहित जीवन के लिए प्रार्थना करती हैं, जैसे पार्वती को भगवान शिव ने आशीर्वाद दिया था।

डिजिटली फसल का सर्वे करने निजी सर्वेयरों को दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 8 सितम्बर। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय की उपस्थिति में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में गिरदावरी अंतर्गत डिजिटल रूप से फसल का सर्वे करने वाले निजी सर्वेयर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे में निजी सर्वेयर की भूमिका जियो फेंस के रूप में होगी, जो डिजिटल रूप से फसल का सर्वे सभी खेतों में जाकर करेंगे। निजी सर्वेयर को प्रतिदिन 30 से 50 खसरों का टास्क दिया जायेगा। जिसे सर्वेयर खेत में जाकर लॉगिन करेंगे। उनसे तहसीलदार पूछेंगे क्या आप अवलेबल हैं और हां में जवाब आएगा। वैसे ही एप में प्लॉट की स्थितिए खसरा नंबरए एरिया ऑनर का नाम अपने आप फीड हो जायेगा। जो क्रॉप लगी है उसका तीन फोटो लॉन्गिट्यूट लैटिट्यूट के साथ तीन फोटो अपलोड करना है। इस प्रकार एक नंबर का कार्य पूर्ण होगा।

जिसमें पटवारी की भूमिका पर्यवेक्षक और राजस्व निरीक्षक की भूमिका सत्यापनकर्ता तथा तहसीलदार व नायब तहसीलदार की भूमिका जांचकर्ता अधिकारी के रूप में की गई है। सर्वेक्षकों द्वारा संपादित सभी खसरे आरआई के पास नहीं आयेगा। सर्वेक्षकों द्वारा सर्वे किये गए खसरे पटवारी के पास आएंगे। पटवारी या अनुमोदन करेगा या रिसेंड करेगा। पटवारी द्वारा दो बार रिजेक्ट होने की स्थिति में आरआई के आईडी में आयेगा। ऐसे खसरों की संख्या बहुत कम होगी, जहां मौके में जाकर आवश्यकतानुसार सत्यापन किया जाएगा।

प्रशिक्षण में बताया गया कि फिल्ड में क्या बोया गया है फसल की जिंस का नाम, मिश्रित फसल की स्थिति में सभी फसलों का अनुमानित रकबा, सिंचित-असिंचित फसल, एकवर्षीय या बहुवर्षीय, सीजनल फसल की जानकारी आदि भरी जायेगी। सर्वेयर द्वारा साफ्टवेयर में बोये गये जिंस व एकल व मिश्रित फसल की स्थिति में बोये गये फसल या पड़त रकबा की अनुमानित प्रविष्टि करेगा। यदि साफ्टवेयर में जियोरिफ्रेंस्ड रकबा के अनुसार सर्वे किए गए रकबा का योग एक समान नहीं आयेगा। तब तक डेटा सेव नहीं होगा। सर्वेयर किसी भी खसरा नंबर की भूमि के मेड़ में खड़े होकर फोटो कैप्चर नहीं करेगा। यदि ऐसा वे करते हैं तो आसपास के खसरा नंबर के लैटलांग मिस्डमैच होगा। इसलिए सर्वेयर प्रत्येक खसरा नंबर की भूमि के अंदर कम से कम मेड़ से 10 मीटर की दूरी पर जाकर प्रयोग संपादित करेगा। यदि फिक्र में सोयाबीन फसल दिख रहा पर सर्वेक्षक ने धान प्रविष्ट किया हो अथवा प्लाट खाली है और फोटो गन्ना का अपलोड किया है, तो वही डेटा को पटवारी रिसेंड करेगा। सर्वेक्षक सुधार कर फिर से पटवारी को भेजेगा। यदि पटवारी पुन- रिजेक्ट करता है तब आरआई के आईडी में आयेगा। पटवारी द्वारा परंपरागत ढंग से की जाने वाली गिरदावरी से यह फिलहाल अलग है। धान खरीदी पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी के आधार पर की जाएगी। डिजिटल क्राप सर्वे उन्हीं ग्रामों में की जायेगी, जहां जियोरिफ्रेंसिंग का सेकेंड लेवल कार्य का संपादन हो गया है। सभी ग्रामों के खसरा नंबरों में नहीं की जाएगी।

समाचार संक्षेप

गांव में शांति भंग करने एवं उत्पात मचाने वालों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की

रायपुर 8 सितंबर। पुलिस अधीक्षक राजनादगांव महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं चौकी प्रभारी सुकुलदैहान राकेश कुमार मन्नाडे के नेतृत्व मे पुलिस चौकी सुकुलदैहान क्षेत्रांतर्गत गांव में लोगों को डराने धमकाने, उत्पात मचाने एवं गांव में शांति भंग करने वालो के विरुद्ध पृथक पृथक धारा 170,126,135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर इस्तगासा एस.डी.एम. न्यायालय पेश किया गया जहाँ से जेल वारंट प्राप्त होने पर उक्त दोनों अनावेदकों को जेल दाखिल कराया गया।

अवैध शराब बिक्री करने वाले के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया

राजनांदगांव 8 सितंबर। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग सर के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा सर तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक सर के मार्ग दर्शन में अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिस पर पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा आज दिनांक 07/09/2024 को मुखबीर से सुचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति अवैध

रूप से ग्राम आलीखुटा नहर नाली के पास शराब बिक्री कर रहा है कि सुचना पर गवाहों की उपस्थिति में रेड कार्यवाही कर एक मटमैले रंग के थैला में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहे मुकेश सिंह राजपूत पिता अनंत नारायण उम्र 43 वर्ष निवासी टेंडेसरा थाना सोमनी हाल मुकाम ग्राम आलीखुंटा पुलिस चौकी तुमडीबोड से विधिवत् कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से एक मटमैले रंग के थैला में रखे 16 पौवा 20-20 डिलक्स व्हीस्की शराब कुल 2880 बल्क लीटर कीमती 2080/रु. एवं बिक्री रकम 200/रु. कुल जुमला 2280/रु. को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध सदर धारा 34(1) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया तथा आरोपी के विरूद्ध पृथक से धारा 170/126, 135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर जेल निरूद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरी. कैलाश चंद्र मर्इ, म.प्र.आर. 846 चंद्रकली कंवर, आर. थलेश देशमुख की सराहनीय भुमिका रही।

कायस्थ समाज राजनांदगाव के स्वयं के भवन का सपना हुआ साकार

राजनांदगांव 8 सितंबर। ज्ञात हो कि पूर्व मुख्यमंत्री मान.भूपेश बघेल के शासन काल मे सामाजिक भवन निर्माण योजना अंतर्गत सर्व समाज सम्मेलन का आयोजन राजनांदगाव मे किया गया था, इस कार्यक्रम मे कायस्थ समाज की ओर से पूर्व अध्यक्ष श्री रमेश लाल श्रीवास्तव,श्री सुनील श्रीवास्तव(शासन से अधिमान्य जर्नलिस्ट),पूर्व महिला अध्यक्ष श्रीमती मधुबाला श्रीवास्तव एवं पूर्व सचिव श्री राजीव श्रीवास्तव सभी ने कायस्थ समाज के लिए सामाजिक भवन निर्माण हेतु पूर्व मुख्यमंत्री मान. श्री भूपेश बघेल से मिलकर समाज के सामजिक भवन को लेकर उनसे प्रत्यक्ष चर्चा की गई थी,चर्चा उपरांत भवन की आवश्यकता को गंभीरता पूर्वक समझते हुए उनके द्वारा 2000000/- (बीस लाख रुपए) की राशि कायस्थ समाज के नाम से समाज को आबंटित कराई गई थी। इसी राशि से भवन का निर्माण समाज के सम्माननीय सदस्य एवं कॉन्ट्रैक्टर स्वर्गीय श्री प्रकाश श्रीवास्तव जी से नगर निगम राजनांदगाव द्वारा कराया गया। इस नवनिर्मित भवन का भव्य उद्घाटन एवं लोकार्पण समारोह रिद्धि-सिद्धि कालोनी मे धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस सामाजिक भवन का लोकार्पण कर सर्वप्रथम भगवान श्री चित्रगुप्त जी का जयकारा लगवाया एवं कायस्थ समाज की एकजुटता और योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, कायस्थ समाज ने सदैव समाज और राष्ट्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है।जिसे भुलाया नही जा सकता,कायस्थ समाज एक बुद्धि जीवी समाज है जिसने राष्ट्र निर्माण के प्रत्येक क्षेत्र मे आगे होकर देश की सेवा की है ,यह भवन समाज के लोगों को एकजुट रखने और उनकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।+ एवं समाज के सभी लोगो के लिए उपयोगी साबित होगा। महापौर श्रीमती हेमासुदेश देशमुख ने सामाजिक भवन लोकार्पण के इस अवसर पर समज को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लम्बे वक्त के बाद आज कायस्थ समाज को अपना स्वयं का नवनिर्मित भवन मिल ही गया,जो हमारे पूर्व मुख्यमंत्री मान. भूपेश बघेल जी की समस्त समाज की उन्नति एवं भलाई के प्रति उनकी सार्थक सोच को प्रकट करता है।

सफर में अब भी अपने गुरुओं का मार्गदर्शन ले रहे कलाकारों ने उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया

कलाकार अक्सर अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुओं या शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं बुद्धिमत्ता को देते हैं, क्योंकि उनके कॅरियर बनाने में इन लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कई कलाकारों का

अपने शिक्षकों के साथ रिश्ता केवल कक्षाओं तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि उनके साथ उनकी बातचीत नियमित रूप से होती है। वे लगातार उन्हें प्रेरित कर रहे हैं तथा उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। इस शिक्षक दिवस पर एण्डटीवी के कलाकार अपने शिक्षकों के प्रति गहरा सम्मान जता रहे हैं और बता रहे हैं कि उनके साथ अभी वह कैसे सम्बंध रखते हैं। यह कलाकार हैं आशुतोष कुलकर्णी (कृष्ण बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), अमित भारद्वाज (मेवा, 'भीमा'), योगेश त्रिपाठी (हप्पू सिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन') और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। 'भीमा' में मेवा का किरदार अदा कर रहे अमित भारद्वाज ने बताया, ''मेरे गुरु श्री सुरेश कुमार हज्जू 1980 के दशक से गांधी जयंती पर महात्मा गांधी के प्रसिद्ध चित्रण के लिये जाने जाते हैं। वह थियेटर के अनुभवी कलाकार हैं और पटना की प्रेमचंद रंगशाला के जाने-माने अभिनेता हैं।

एण्डटीवी पर ड्रामा और कॉमेडी का डबल डोज़

एण्डटीवी के 'अटल', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में किरदार खुद को मुश्किल हालातों में फंसा हुआ पायेंगे। एण्डटीवी के 'भीमा' में धनिया का किरदार निभा रहीं स्मिता सेवल ने कहा, ''पढ़ाई को लेकर भीमा के इरादे काफी बुलंद हैं, लेकिन उसे कुछ नई और महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ता है। शिक्षा के अपने अधिकारों के लिये लड़ने के बाद, वह स्कूल में आधिकारिक रूप से दाखिला लेने के लिये संघर्ष करती है। इसके अलावा उसके शिक्षक भी उसे क्लासरूम में कदम रखने से रोक देते हैं। फिर भी वह किसी तरह से क्लासरूम में दाखिल होने में कामयाब हो जाती है, लेकिन अब दूसरे स्टूडेंट्स क्लास छोड़कर चले जाते हैं। इसलिये वह क्लासरूम के बाहर रहकर ही टीचर के पाठ सुनकर अपनी पढ़ाई जारी रखती है, जबकि बाकी के स्टूडेंट्स क्लासरूम में मौजूद रहते हैं।'' एण्डटीवी के 'अटल' में कृष्णा बिहारी का किरदार निभा रहे आशुतोष कुलकर्णी ने कहा, ''एक क्रांतिकारी की मदद करने के लिये अटल को पकड़ने में तोमर नाकाम होता है। इस बीच, अटल द्वारा अस्पताल के बिल का भुगतान करने के वादे को पूरा करने के बाद उसके पिता कृष्णा बिहारी और दादाजी को हॉस्पिटल

रामायण में सहस्त्र रावण ने अयोध्या के लोगों को श्री राम के खिलाफ गुमराह किया और हनुमान को फंसाया

सोनी सब के 'श्रीमद् रामायण' में श्री राम (सुजय रेऊ) और सीता (प्राची बंसल) के अयोध्या लौटने के बाद की कहानी बताई गई है, जहां वे कठिन वनवास और रावण (निकितिन धीर) के साथ महायुद्ध से विजयी होकर लौटते हैं। हाल के एपिसोड में दर्शकों ने अयोध्या को जश्न के साथ जीवंत होते देखा क्योंकि लोग अपने नए राजा के राज्याभिषेक की खुशी मना रहे थे। सड़के भीड़, उत्सव की सजावट और संगीत से भरी हुई थीं, जो अयोध्या के नागरिकों के लिए अपार खुशी का पल था। आगामी एपिसोड में रावण का भाई सहस्त्र रावण लोगों को यह विश्वास दिलाकर अयोध्या पर कब्जा करने की साजिश रचता है कि श्री राम और रावण के युद्ध की भव्यता और उदारता वानरों ने अपने लाभ के लिए गढ़ी थी। जैसे ही हनुमान (निर्भय वाधवा) को इन अफवाहों के स्रोत का पता चलता है इससे श्री राम और हनुमान के बीच के रिश्ते की परीक्षा होती है, जिससे कई अप्रत्याशित और नाटकीय घटनाएं होती हैं। यह घटनाएं राज्य की शांति को खतरे में डालती हैं। आगे के एपिसोड में अच्छाई और बुराई के बीच की लड़ाई में एक नया मोड़ आने के साथ ही जबरदस्त ड्रामा



टीवी सितारों की स्पेशल गणेश चतुर्थी

गणेश चतुर्थी का त्योहार बस आने ही वाला है और एण्डटीवी के कलाकार भी कई गणेश भक्तों की तरह, अपने-अपने घरों में बप्पा का स्वागत कर इस उत्सव को मनाने के लिये उत्सुक हैं। उनकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं, जिसमें अपने घरों की सफाई करना, डेकोरेशन थीम की योजना बनाना और मोदक तैयार करना शामिल है। ये कलाकार हैं- नेहा जोशी ('अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और रोहिताश्व गौड़ ('भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी)। नेहा जोशी, जोकि 'अटल' में कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार निभा रहीं हैं, ने कहा, ''गणपति का मेरे दिल में खास स्थान है, और मैं आमतौर पर इसे अपने नासिक के पुश्तैनी घर में मनाती हूं, जहां बप्पा को घर लाने की परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। इस त्योहार में हमारा पूरा परिवार भगवान गणेश की पूजा एवं अर्चना करने के लिये एकजुट होता है, जो हमारे घर को भक्तिभाव एवं रोमांच से भर देता है। हालांकि, इस बार मैं नासिक में गणपति मनाने नहीं जा पाऊंगी, लेकिन मुंबई में गणपति उत्सव का अनुभव करने के लिये रोमांचित हूं। मुंबई अपने भव्य सेलीब्रेशन्स के लिये मशहूर है, जहां पर जगह-जगह पर बप्पा के पंडाल लगाये जाते हैं, खूबसूरत सजावट की जाती है।

मुंहासों की दवा के ओवरडोज से बिगड़ गई राशि की तबियत

सोनी सब का लोकप्रिय शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' पुष्पा (करुणा पांडे) की प्रेरक यात्रा के साथ दर्शकों को आकर्षित कर रही है। वह एक दृढ़ संकल्प और आशावाद के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करती है। हाल के एपिसोड में पुष्पा के बेटे अश्विन (नवीन पंडिता) और बहू दीप्ति (गरिमा परिहार) बापोदरा चॉल में लौटते हैं। वहां पूरा परिवार गणेश चतुर्थी मनाने इकट्ठा होता है। जैसे ही चीजें सामान्य होती हैं, पुष्पा को एक और चुनौती का सामना करना पड़ता है जब उसकी बेटी राशि (देशना दुगड़) को उसकी त्वचा की समस्याओं की वजह से एक विज्ञापन एजेंसी रिजेक्ट कर देती है। आगामी एपिसोड में अश्विन राशि की कॅरियर आकांक्षाओं का विरोध करता है। पुष्पा के घरेलू उपचार के प्रयासों के बावजूद राशि मुँहासे की दवा का ओवरडोज ले लेती है। इसके परिणामस्वरूप उसकी नजर धुंधली हो जाती है और उसे गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं होती हैं। इस पर क्रोधित अश्विन घोषणा कर देता है कि राशि फिर कभी कोई विज्ञापन फिल्म नहीं करेगी। इससे पुष्पा और राशि दोनों हैरान रह जाते हैं।

रहस्यमयी जहर के बाद अथर्व कोमा में चला गया

सोनी सब का 'वागले की दुनिया- नई पीढ़ी, नए किस्से' शो दर्शकों को मध्यवर्गीय वागले परिवार के रोजमर्रा के संघर्षों और उनमें मिलने वाली जीत से बांधे रखता है। हाल के एपिसोड में वागले परिवार तब हैरान रह जाता है जब अथर्व (शीहान कपाही) दर्द में कॉलेज से घर लौटता है। परिवार को फूड पॉइजनिंग का संदेह होता है। हालांकि, रात में अथर्व की हालत बिगड़ जाती है और वह कोमा में चला जाता है। इससे उसके माता-पिता राजेश (सुमित राघवन) और वंदना (परिवा प्रणति) बेहद चिंतित हो जाते हैं। आगामी एपिसोड में राजेश और वंदना को डॉक्टर बताते हैं कि अथर्व की स्वास्थ्य स्थिति गंभीर जहर के कारण है। उसकी हालत से चिंतित अथर्व के माता-पिता मामले की जांच करने और अथर्व को जहर कैसे मिला, इसकी तह तक जाने के लिए उसके कॉलेज जाते हैं। जब यह सब चल रहा होता है, तो उसके दोस्त विद्युत को अचानक याद आता है कि अथर्व ने सीधे कैन से जूस पी लिया था। इससे उन्हें पता चलता है कि अथर्व को चूहे के मूत्र का जहर चढ़ गया था क्योंकि कैन को खुली जगह पर खुला छोड़ दिया गया था।

अक्षत के तलवार परिवार का हिस्सा होने के खुलासे से सोनी सब के शो वंशज में बड़ा टकराव

सोनी सब का शो वंशज दर्शकों को आकर्षित कर रहा है क्योंकि यह दो बड़े व्यापारिक घरानों- तलवार और महाजन के बीच सत्ता के समीकरणों को दर्शाता है। हाल के एपिसोड में दर्शकों ने कट्टर प्रतिद्वंद्वी यश तलवार (शालीन तलवार) और युविका महाजन (अंजलि तत्रारी) के बीच माहौल सुधरा, क्योंकि उन्होंने एक चैरिटी कार्यक्रम के दौरान बॉलरूम डांस किया था। दूसरी ओर, महाजन-तलवार में अप्रत्याशित रोमांस चुपचाप पनपता रहा। यश के भाई अक्षत (साहिब सिंह लांबा) और युविका की बहन ईशा (कंचन दुबे) एक-दूसरे को पसंद करने लगे थे और चौंकाते हुए एक-दूसरे के सहयोगी बन जाते हैं। हालांकि, महाजन परिवार को बर्बाद करने की अपने भाई की योजना से प्रेरित होकर अक्षत ईशा का अपहरण कर लेता है। उसका फोन नष्ट कर देता है। युविका ईशा को खोजने लगती है और तब उसे एक कॉल आती है। यह कॉल उसे ईशा के स्थान तक ले जाती है। इस बीच ईशा यह जानकर टूट जाती है कि अक्षत यश का भाई है। क्या ये उतार-चढ़ाव नए खुलासे लाएंगे.

सोनी सब के 'बादल पे पांव है' में रजत और लावण्या में नजदीकी से पैदा हुआ तनाव

सोनी सब का 'बादल पे पांव है' बानी (अमनदीप सिद्धू) की यात्रा पर बेस्ड शो है, जो एक दृढ़ निश्चयी और महत्वाकांक्षी लड़की है। वह अपनी आर्थिक सीमाओं के बावजूद अपने परिवार के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। हाल के एपिसोड में बानी को एक स्टॉक ब्रोकिंग फर्म में नई नौकरी मिल जाती है, जबकि रजत (आकाश आहूजा) अपने बॉस के दुर्व्यवहार के बाद अपनी नौकरी छोड़ देता है। एक मददगार साथी होने के नाते बानी ने रजत को एक नए पद के लिए साक्षात्कार में सफल होने में मदद की। साथ में उसने अपने नए कॅरियर की शुरुआत की, जिससे उनका परिवार खुश हो गया। आगामी एपिसोड में रजत और बानी अपने नए बॉस की ओर से आयोजित एक पार्टी में शामिल होने को लेकर उत्साहित होते हैं। हालांकि, चौंकाने वाला मोड़ तब होता है जब कार्यक्रम में रजत अपनी पूर्व प्रेमिका लावण्या (भाविका चौधरी) से मिलता है। यह जानकर दंग रह जाता है कि उसकी नई कंपनी का मालिक उसके पिता हैं। जैसे ही लावण्या उसे यह खबर बताती है, वह उसे डांस के लिए अपनी ओर

क्या आप जानते हैं कि राधिका मदान डांसर बनना चाहती थीं?

अभिनेत्री राधिका मदान निस्संदेह भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिभाशाली नामों में से एक हैं। हाल के वर्षों में कई शानदार प्रदर्शन देने के बाद, राधिका मदान ने अपनी हालिया रिलीज़ 'सरफिरा' में अक्षय कुमार के साथ 'रानी' के रूप में एक और बेहद पसंद की जाने वाली भूमिका निभाई है। एक हालिया इंटरव्यू में, जब राधिका से उनके शुरुआती दिनों की मुश्किलों के बारे में पूछा गया, जब उन्होंने एक्टर बनने का फैसला किया, तो उन्होंने कहा, ₹मुझे एक्टर बनना भी नहीं था। मुझे प्रोफेशनल डांसर बनना था। मैं जैज़, बैले और मॉडर्न डांस में प्रशिक्षित हूँ। मैं टैप डांसिंग सीखना चाहती थी, न्यूयॉर्क जाना चाहती थी और दुनिया घूमना चाहती थी।₹ अंत में उन्होंने कहा, ₹मैं एक डांस स्टूडियो खोलना चाहती थी, जहाँ मैं टैप डांस सिखाऊं। यह तो सब जानते हैं कि राधिका मदान एक प्रशिक्षित डांसर हैं और फिल्मों में उन्होंने अपनी डांसिंग की क्षमता को बखूबी दिखाया है। इस बीच, राधिका मदान सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित 'सन्ना' और मैडॉक फिल्म्स के साथ 'रूमी की शराफत' में भी दिखाई देगी।

जसलीन रॉयल और स्टेबिन बेन ने साझा किया एक खास वीडियो

जसलीन रॉयल और स्टेबिन बेन, जो भारतीय संगीत जगत के सबसे सुरीले आवाजों में से एक हैं, जिन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है जिसने सभी का दिल जीत लिया है। हाल ही में, दोनों ने मुंबई में देर रात ड्राइव का आनंद लेते हुए एक क्लिप शेयर की, जिसमें वे जसलीन के हिट गाने ₹हीरिए₹ पर थिरकते हुए नज़र आ रहे हैं। इस वीडियो में उनकी सहज जुगलबंदी, हंसी-मज़ाक और मस्ती देखकर फैंस और भी उत्साहित हो गए हैं। जसलीन और स्टेबिन दोनों ने अपने अनोखे संगीत स्टाइल के साथ इंडस्ट्री में खास पहचान बनाई है। जसलीन, जो ₹दीन शगना दाद और ₹लव यू जिंदगीर जैसे गानों के लिए जानी जाती हैं, अपनी भावुक आवाज़ और दिल को छूने वाले बोलों से लोगों के दिलों को छू लिया है। वहीं स्टेबिन ने चाहूं और थोड़ा थोड़ा प्यार₹ जैसे रोमांटिक हिट गानों से लोगों के दिलों को छू लिया है। उनकी आवाज़ में गहराई और भावनाएं बखूबी झलकती हैं। मुंबई की आधी रात की सड़कों पर उनकी यह अचानक की गई जुगलबंदी, उनकी दोस्ती और संगीत के प्रति उनके जुनून को दिखाती है।

जहरा एस खान ने सैकड़ों जानवरों को मारने की नामीबिया की क्रूर योजना की निंदा की

जहरा एस खान, जो अपनी शानदार गायकी, आकर्षक ऑन-स्क्रीन उपस्थिति और जानवरों के अधिकारों के लिए अपने जुनून के लिए जानी जाती हैं, ने हाल ही में नामीबिया में हो रही एक विनाशकारी स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया है। वे शाकाहार और जानवरों के नैतिक उपचार के प्रति अपने दृढ़ संकल्प के लिए जानी जाती हैं और हमेशा असहाय जानवरों की सुरक्षा के लिए आवाज़ उठाती रही हैं। जहरा ने अपने सोशल मीडिया पर नामीबिया में विनाशकारी स्थिति पर बात की, जहां नामीबिया की सरकार ने 700 से अधिक जंगली जानवरों को मारने की योजना बनाई है, जिसमें 83 हाथी, 30 दरियाई घोड़े, 300 ज़ेब्रा, 100 नीले वाइल्डबीस्ट, 50 इम्पाला और 100 एलैंड हिरण शामिल हैं। यह निर्णय देश में सदी की सबसे भयंकर सूखे के बीच स्थानीय समुदायों के लिए मांस उपलब्ध कराने के लिए लिया गया है। जहरा एस खान ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए लिखा - @vantara कृपया इन्हें बचा सकें तो बचाएं। यह क्रूरता सोच से परे है!

आशुतोष गोवारिकर 'मानवत मर्डर्स' में सुपर कॉप रामकांत कुलकर्णी के रूप में नजर आएंगे

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर जल्द ही मराठी एंटरटेनमेंट में अपनी वापसी करने जा रहे हैं, लेकिन इस बार अभिनेता के रूप में। वह अपनी आगामी मराठी क्राइम थ्रिलर सीरीज ₹मानवत मर्डर्स₹ में नजर आएंगे। आशुतोष को पिछली बार 2016 में मराठी फिल्म ₹वेंटिलेटर₹ में देखा गया था, जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक राजेश मापुस्कर ने निर्देशित किया था और प्रियंका चोपड़ा ने इसे प्रोड्यूस किया था। मानवत मर्डर्स के ट्रेलर में आशुतोष गोवारिकर, मकरंद अनासपुरे, सोनाली कुलकर्णी और साई ताम्हणकर ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं, जिसमें 1972 से 1974 के बीच मराठवाड़ा के एक छोटे से गाँव में घटित क्रूर हत्याओं की कहानी दिखाई गई है। यह सीरीज CID रामकांत एस. कुलकर्णी की आत्मकथात्मक पुस्तक ₹फुटप्रिंट्स ऑन द सैंड ऑफ क्राइम₹ पर आधारित है, जिसमें आशुतोष ने प्रसिद्ध अधिकारी रामकांत कुलकर्णी का किरदार निभाया है।

कियारा आडवाणी भारतीय सिनेमा में आने से पहले अपनी माँ के प्लेस्कूल में शिक्षिका के रूप में काम करती थीं

कियारा आडवाणी ने भारतीय सिनेमा में अपनी पहचान बना ली है, अपने शानदार प्रदर्शन और करिश्माई ऑन-स्क्रीन उपस्थिति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इस साल कियारा के इंडस्ट्री में दस शानदार साल पूरे हुए हैं, और अपने बेहतरीन टैलेंट के दम पर उन्होंने अपने लिए एक अलग जगह बनाई है। उनके कुछ बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें इंडस्ट्री की सबसे पसंदीदा महिला लीड में से एक बना दिया है। सिनेमा में अपनी प्रसिद्धि से पहले, कियारा आडवाणी ने अपनी देखभाल और पोषण करने की स्वाभाविक क्षमता को अपनी मां के प्लेस्कूल में शिक्षक के रूप में निखारा, जहाँ उन्होंने बच्चों को नर्सरी राइम्स और बेसिक कॉन्सेप्ट्स सिखाए। इस शुरुआती अनुभव ने उनकी सहानुभूति और समर्पण को उजागर किया, जो उनके मनोरंजन उद्योग में भविष्य की सफलता की नींव बना। कियारा हमेशा से बच्चों की पसंदीदा रही हैं, और उनके साथ गहरा जुड़ाव रखने की क्षमता उनके पोषण और देखभाल करने वाले स्वभाव का परिणाम है, जो उनके शिक्षक के रूप में बिताए समय से विकसित हुआ। यह गुण उनकी एक्टिंग में भी झलकता है।

एटली की जवान मूवी ने किए पूरे एक साल : इस एक्शन एंटरटेनर की रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धियों पर एक नज़र

ब्लॉकबस्टर फिल्म निर्माता एटली द्वारा निर्देशित, शाहरुख खान, नयनतारा, दीपिका पादुकोण और विजय सेतुपति अभिनीत, जवान ने अपनी एक साल की सालगिरह पूरी कर ली है, फिर भी भारतीय सिनेमा पर इसका प्रभाव आज भी उतना ही जबरदस्त है। इस हाई-ऑक्टेन एक्शन एंटरटेनर ने न केवल शाहरुख खान को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, बल्कि बॉक्स-ऑफिस के कई रिकॉर्ड भी तोड़े, जो आज तक टूटे नहीं हैं। जवान में एटली के अनूठे विजन की बदौलत शाहरुख खान ने अपने करियर का सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अपनी मास-मार्केट अपील के लिए जाने जाने वाले, एटली ने शाहरुख को दोहरी भूमिका में दिखाया, जिसमें रॉ एक्शन और भावनात्मक गहराई का मिश्रण था, और सुपरस्टार को पहले कभी न देखा गया लुक दिखाया गया था। तीव्र एक्शन और सूक्ष्म नायकत्व का यह संयोजन शाहरुख के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में से एक माना जाता है। एटली के निर्देशन की प्रतिभा ने वैश्विक स्तर पर अपनी छाप छोड़ी , जिससे उनकी छवि बड़े-से-बड़े सिनेमाई अनुभवों के मास्टर के रूप में मजबूत हुई। एक सम्मोहक मनोरंजक के साथ एक ब्लॉकबस्टर एक्शन फिल्म देने की उनकी क्षमता साबित करती है कि मनोरंजन के क्षेत्र में वह बेजोड़ क्यों हैं।

डॉक्टर दीपाली पाटिल व डॉक्टर विनेश सावंत की आवाज़ में "बम बम लहरी" और "साईं से नजरें मिली" हुई रिलीज़ .!

मुम्बई में अब त्योहारों का सीजन शुरू होने वाला है, जल्द ही मुम्बई, सहित महाराष्ट्र, गुजरात सहित तमाम इलाकों में सुप्रसिद्ध गणपति पूजन की शुरुआत होने वाली है। अभी भी दही हांडी का त्योहार चारों तरफ हंसी खुशी मनाया जा रहा है । ऐसे त्योहारी सीजन में मुम्बई में आज दिनांक 5 सितम्बर के दिन शिक्षक दिवस के पावन मौके पर रेड रिबन एंटरटेनमेंट के बैनर तले आज दो भक्ति एलबम रिलीज किया गया । सुप्रसिद्ध गायिका डॉक्टर दीपाली पाटिल और लक्ष्मी नारायण की आवाज में बम बम लहरी रिलीज किया गया है जिसके गीत व संगीत लक्ष्मी नारायण ने बनाई है। वहीं दूसरी ओर डॉक्टर विनेश सावंत की आवाज़ में साईं से नजरें मिली भी रिलीज़ किया जा रहा है जिसका गीत संगीत भी लक्ष्मी नारायण ने ही बनाया है । अभीनेत्री संगीता तिवारी और मोबीन इस विडियो में नजर आये । मुंबई के अंधेरी में इसकी लॉन्चिंग धूमधाम से किया गया । इस कार्यक्रम में संगीत से जुड़े कई जानेमाने लोग शिरकत करेंगे जिनमे विक्रम मकन्दर , दिनेश लाम्बा, संगीता तिवारी , सुधा सिंह, ज्ञानेश्वरी घाड़गे, डॉ दीपाली पाटिल, डॉ विनेश सावंत , शैलेन्द्र भारती, लक्ष्मी नारायण, कृष्णा बंसल, अमन कुमार, हनुमान गुड़सा प्रमुख रूप से शामिल हैं । प्रचारक संजय भूषण पटियाला है .

एनमाही फिल्म प्रोडक्शन एवं निर्माता मोहित कुमार साहू की छत्तीसगढ़ी फिल्म को दर्शकों की मिली प्रशंसा

छत्तीसगढ़ के जाने-माने निर्माता मोहित कुमार साहू एन.माही फिल्म प्रोडक्शन एवं सहनिर्माता आनन्द मानिकपुरी की प्रशंसनीय छत्तीसगढ़ी फिल्म ए ददा रे प्रदेश के 49 स्क्रीन सहित नागपूर स्थित सिनेमाघर में एक साथ रीलिज की गई। पहले ही दिन सुधि दर्शकों ने फिल्म की प्रशंसा की। खासतौर से फिल्म की कहानी में भूत-मशान के भ्रम का भांडा फोड़ कर अंधविश्वास पर गहरी चोट करने वाली इस फिल्म को दर्शकों की खूब सराहना मिल रही है। राजधानी के श्याम टॉकीज में फिल्म देखने आये दर्शकों की भीड़ में ज्यादातर युवा व महिलाओं की संख्या अधिक रही। ग्रामीण परिवेश में घटित होने वाले भूतहा कहानियों खास तौर से चटिया-मटिया व चुड़ैल की भ्रमात्मक मनगढ़त किस्सों पर आधारित सत्य घटना से प्रेरित है छत्तीसगढ़ी फिल्म ए ददा रे। फिल्म के निर्देशक, अभिनेता एवं लेखक आनन्द मानिकपुरी ने बताया कि फिल्म की कहानी उनकी नानी एवं पिताजी द्वारा बताएं किस्सों पर आधारित है। उन्होंने बताया कि बचपन में उनकी नानी और पिताजी ने बताया था कि किस तरह मटिया और रक्सा देखकर वे डर गए थे और उनके मुंह से निकला था- ए ददा रे...। जिसे आनन्द मानिकपुरी ने मनोरंजक तौर पर इसी नाम से फिल्म में बनाकर छालीवुड के दर्शकों के लिए पेश किया है। छत्तीसगढ़ी फिल्म ए ददा रे में सिनेमेटोग्राफी व सिच्युशनल सीन अच्छे हैं। लोकेशन चयन बेहतर है। टेक्निकली क्षेत्र में भी फिल्म बेहतर है। कैमरा एंगल पर और बेहतर किया जा सकता था परन्तु ओव्हर आल फिल्म में क्षेत्रीय परिपक्वता पर्याप्त है।

फिल्म के हीरो आनन्द मानिकपुरी जो कि इस फिल्म के रॉईटर, निर्देशक और सहनिर्माता भी हैं अपने रोल में खरा साबित हुए है। वहीं फिल्म की हीरोईन हेमा शुक्ला हर सीन में अपनी खुबसूरती के साथ बेहतर अदाकारा साबित हुई है। अन्य कलाकारों ने भी फिल्म की कहानी के साथ न्याय किया है और सभी का अभिनय बेहतर है। कही-कही आनन्द मानिकपुरी द्वारा फिल्म को लेकर एक साथ कई जिम्मेदारियां लेने का बोझ महसूस होता है परन्तु कहानी के लयबद्ध होने से यह बोझिलपन पूर्ण मनोरंजन के रूप में तब्दील होकर बेहतर परिणाम की ओर बढ़ जाता है।फिल्म में गीत-संगीत अच्छे बन पड़ें है। फिल्म के गीत सभी मूड के दर्शकों के लिए अलग-अलग थीम के हैं। जैसे चॉदी के गोला और समझ नई आये गोरी तोर... प्रेमगीत है, जबकि फिल्म के अंत में रखे गए शीर्षक गीत ए ददा रे में हास्य पूट रखा गया है। दूसरे अन्य गाने भी सुनने लायक हैं। यदि आप भूत-प्रेतों पर विष्वास करते हैं तो आपको यह फिल्म जरूर देखना चाहिए और यदि आप इसे अंधविष्वास मानते हैं तब भी आपको मनोरंजन के लिए यह फिल्म अवश्य देखना चाहिए। फिल्म में पूरी तरह फूल मनोरंजक और पारिवार के साथ बैठकर देखने योग्य कहानी है, जो आपको बिना किसी टेंशन के सिर्फ और सिर्फ मनोरंजन देता है आपके दिमाग को कुछ समय के लिए तनावमुक्त करता है।

फिल्म निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में अपने हुनर को निखार रहे हैं

बीती शाम को भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार अभिनेता अरबाज खान ने लिपिका वर्मा के साथ हुई बातों में कुछ खास सवालों के जवाब बेहद संजीदगी से दिए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार वे अपने दोस्तों की मदद करते हैं , किस प्रकार

वे दोस्तों का समर्थन करते हैं । उन्होंने अपने अभिनय और निर्देशन में आने वाले प्रोजेक्ट्स और अपने बेटे अरहान खान के बारे में भी जवाब दिया है, जिन्हें उनके नए पॉडकास्ट शो, "डंब बिरयानी" में देखा गया था और फिर अरबाज खान "द एंग्री मेन" सलीम जावेद की सीरीज और उसके साथ भी बहुत कुछ के बारे में बात करते हैं।

परिचय-"खान-दान" को उनके प्रोडक्शन में अपने सभी दोस्तों, विशेष रूप से ग्लैमर और मनोरंजन की दुनिया से जुड़े लोगों को अपना समर्थन देने के लिए जाना जाता है। दोस्तों को प्रोत्साहित करने के लिए इस बार अरबाज ने ₹20 वन एंटरटेनमेंट लिमिटेड₹ के माध्यम से फिल्म के गाने ₹बनारसी पान₹ के पोस्टर के लॉन्च के साथ-साथ एक नई वेब सीरीज ₹ Can't Kill Me के लॉन्च पर उपस्थित होने का समय निकाला।

प्रस्तुत है उसी बातचीत के कुछ अंश- - आप इस बात को विस्तार से बताएं कि आप अपने दोस्तों का समर्थन करने के लिए समय कैसे निकालते हैं?

अभिनय और निर्देशन के मोर्चे पर अरबाज की क्या स्थिति है?

अरबाज - मेरे अभिनय की बात करें तो एक हाल फिलहाल एक वेब शो है जो अच्छा रहा है और जल्द ही रिलीज होगा। मैं उसके दूसरे सीजन में हूं, लेकिन बहुत बड़ा हिस्सा नहीं। यह केवल पहले सीजन की एक्स्टेंडिंग है। इसके अलावा, एक फिल्म अभी दक्षिण भारत में रिलीज हुई है शिवम , इसके साथ ही मैं दो और फिल्मों पर काम कर रहा हूं जिनके अभी तक शीर्षक फाइनल नहीं है, जो जल्द ही फ्लोर पर जाएंगी। अन्य दो फिल्में भी हैं जिन पर मैं काम कर रहा हूं, वे मेरे प्रोडक्शन हाउस के तहत हैं। हां, यह हिंदी में है । स्क्रिप्टिंग तीव्र गति से चल रही है। मैं पहला ड्राफ्ट पूरा करने के करीब हूं। इन दोनों में से एक स्क्रिप्ट पहले ही पूरी हो चुकी है । हम उसके नैरेशन की योजना बना रहे हैं और यह जल्द ही होगा। अगले 2 या 3 महीनों में यह प्रोडक्शन के लिए तैयार हो जाएगा, इस साल के अंत में या अगले साल की शुरुआत में हम घोषणा करेंगे और फ्लोर पर लेकर जाएंगे।

आपके बेटे अरहान ने अपना पॉडकास्ट शो डंब बिरयानी होस्ट किया। उसका झुकाव फिल्म निर्माण के किस क्षेत्र में है? .

वह शो थोड़ा अलग था, लेकिन उनका अप्रोच बढ़िया था। फिलहाल, वह सिर्फ खुद को विकसित कर रहे हैं और चीजें सीख रहे हैं और साथ ही फिल्म निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में अपने हुनर को निखार रहे हैं। वह खुद पर भी काम कर रहे हैं, खासकर अपनी शारीरिक बनावट पर, वह अपनी भाषा, अपनी बोली पर विशेष रूप से काम कर रहे हैं। बिना किसी संदेह के, वह मनोरंजन और ग्लैमर की दुनिया में शामिल होने के लिए तैयार है। संभवतः वह अभिनय के क्षेत्र में ही कदम रखेंगे। लेकिन, चूँकि यह उसकी अभी शुरुआती कदम है इसलिए मेरे हिंसाब से एक आदर्श शुरुआत है। मुझे लगता है कि उनके आगे बढ़ने में अभी भी थोड़ा समय और है।

सलीम-जावेद की लेखक जोड़ी को ₹द एंग्री मेनर का प्रचार करते हुए एक साथ देखा गया, यह एक तरह से दोनों को एक ही मंच पर प्रचार करते हुए देखने का अनोखा संयोग है। क्या हम निकट भविष्य में उन्हें एक साथ स्क्रिप्ट लिखते हुए देखेंगे?

यह वास्तव में सलीम-जावेद का सदियों बाद एक ही मंच पर एक साथ नजर आने का अच्छा संयोग है। यह उन महान लेखकों के लिए एक बड़ी खुशी और सम्मान की बात है जिन्होंने अपने करियर में इतना उत्कृष्ट काम किया है। वे भारतीय फिल्म निर्माण और विशेषकर लेखन में व्यापक बदलाव लाने के लिए जिम्मेदार हैं। तथ्य यह भी है कि एक सीरीज, जो सही इरादे से की गई है और दोनों परिवारों ने एक साथ हाथ मिलाया है,

यह उनकी [अख्तर परिवार] और हमारी (खान परिवार) तरफ से अपने-अपने तरीके से उनके पिता के लिए एक बड़ा सम्मान है। मुझे लगता है कि जिन लोगों को उनके काम के अलावा एक व्यक्तित्व के तौर पर उनके बारे में बहुत सी बातें पता चलीं, वह प्रशंसनीय है।

नियद नेल्लानार योजना : कोई भी पात्र हितग्राही छूटने ना पाए

मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से दिए निर्देश, बस्तर संभागायुक्त और कलेक्टर ने जिले की प्रगति की दी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उत्तर बस्तर कांकेर, 8 सितंबर। प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर संभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि नियद नेल्लानार योजना के तहत हितग्राहियों की संतुष्टि का ध्यान रखते हुए शत-प्रतिशत परिवारों को सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में माओवाद पीड़ित एवं आत्मसमर्पित व्यक्तियों को शासन की योजनाओं के माध्यम से रोजगार से जोड़ने के लिए कौशल प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए, ताकि वे आत्मनिर्भर होकर जीविकोपार्जन कर सके। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष से बस्तर संभागायुक्त डोमन सिंह एवं कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर वीसी से जुड़कर बैठक में शामिल हुए।

मुख्य सचिव ने बैठक में बस्तर संभाग से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए सड़क निर्माण एवं मोबाईल नेटवर्क स्थापित करने के लिए स्वीकृत कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने नियद नेल्लानार योजना के जिलेवार कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना में शामिल गांवों में जहां शासकीय योजनाओं का शतप्रतिशत सैचुरेशन हो चुकी है, वहां डोर टू डोर सर्वे करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई पात्र हितग्राही छूटने न पाए। मुख्य सचिव ने नियद नेल्लानार के तहत गांवों में राशन कार्ड, बिजली कनेक्शन, मोबाइल कव्हरेज की स्थिति सहित विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर क्षीरसागर ने जिले में कार्यों की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत जिले के 07 गांव शामिल हैं, जिनमें 535 परिवारों को शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इन परिवारों को मुफ्त राशन, बिजली, मोबाईल कनेक्टिविटी सहित अन्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। साथ ही दो पुल का निर्माण कार्य प्रगतिरत है और ग्रामीणों की मांग पर धान खरीदी केन्द्र खोलने की प्रक्रिया भी चल रही है।

वीसी में एडीएम जितेन्द्र कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर

सीमेंट कंपनियां अवैध गठजोड़ कर जनता को लूट रही:चंद्रमौली

भानुप्रतापपुर, 8 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शिवसेना प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा द्वारा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ को पत्र लिखकर कहां है कि छत्तीसगढ़ राज्य में सीमेंट कंपिनयों द्वारा सीमेंट कंपनियों का अवैध गठजोड़ स्थापित कर जनता को लूटाने का काम किया जा रहा है। सीमेंट कंपनीयां द्वारा अभी वर्तमान में सीमेंट के दामों में बेतहास वृद्धि कर छत्तीसगढ़ की आम जनता के साथ लूट का कार्य किया जा रहा है। जबकी छत्तीसगढ़ राज्य में लोहा, चुना पत्थर, ऊर्जा, सस्ते दर पर मजदूर सभी उपलब्ध हो रहे हैं। उसके बाद भी सीमेंट कंपिनयों द्वारा सीमेंट में मूल्य वृद्धि किया जा रहा है। वह छत्तीसगढ़ की जनता के साथ खिलवाड हैं। सीमेंट के मुल्य वृद्धि स छत्तीसगढ़ के निर्माण उद्योग, घर बनाने का सपना लिए बैठे हुआम जनता के ऊपर कुठाराघात होगा। सीमेंट के दामों में वृद्धि होने से निर्माण उद्योग एवं घर बनाने के दरों में बेतहास इजाफा होगा। और गरीबों का घर बनाने का सपना सपना ही रह जाएगा। प्रदेश के आम जनता के हित में मुख्यमंत्री सीमेंट कंपनियों एवं सीमेंट माफिया द्वारा प्रदेश में सीमेंट कंपनियों का अवैध गठजोड़ बनाकर सीमेंट के दरों में किया जा रहे इजाफा पर रोक लगाते हुए सीमेंट माफिया पर कार्यवाही कर छत्तीसगढ़ की जनता को सस्ते दर पर सीमेंट उपलब्ध करावे।

आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए 10 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित

भानुप्रतापपुर, 8 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना छिंदगढ़ द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 10 सितंबर 2024 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास ने बताया कि इसके अंतर्गत छिंदगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत छिन्दगढ़ में आंगनबाड़ी केंद्र विनोदापारा, छिन्दगढ़ के ग्राम रानीबहाल में आंगनबाड़ी केंद्र पिटटेपारा, ग्राम पंचायत कांजीपानी में आंगनबाड़ी केंद्र पांण्डरीपानी, ग्राम पंचायत गंजेनार के ग्राम कस्तुरी में आंगनबाड़ी केंद्र कुम्हारपारा, पटेलपारा और बोरगुत। इसी प्रकार ग्राम पंचायत गंजेनार में आंगनबाड़ी केंद्र आमापारा, सोढ़ीपारा और गिरलागुड़ा, ग्राम पंचायत पाकेला में आंगनबाड़ी केंद्र ठोरापारा, बुटारास, ग्राम पंचायत मुर्रेपाल के ग्राम चौपेल में आंगनबाड़ी केंद्र चौपेल 2, ग्राम पंचायत धोबनपाल में आंगनबाड़ी केंद्र मुरियापारा, ग्राम पंचायत कुन्दनपाल में आंगनबाड़ी केंद्र बैट्टीपारा और हड़मापारा, ग्राम पंचायत कुत्रा में आंगनबाड़ी केंद्र बण्डीपारा, ग्राम पंचायत पेन्दलनार में आंगनबाड़ी केंद्र पटेलपारा ग्राम पंचायत डोलेरास में आंगनबाड़ी केंद्र पसैलपारा, ग्राम पंचायत केरातोंग ग्राम अब्दुमपाल में आंगनबाड़ी केंद्र पखनागुड़ा, केरातोंग के ग्राम बेन्द्रपानी में आंगनबाड़ी केंद्र रेंगमपारा प्रत्येक में 01-01 आंगनवाड़ी सहायिका के पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि जहां रिक्त पद है आवेदिका को उसी राजस्व ग्राम की एवं नगरी क्षेत्र के लिए उसी वार्ड की स्थानीय निवासी होना चाहिए। आवेदिका की उम्र 18 से 44 वर्ष निर्धारित की गई है।उन्होंने बताया कि आवेदिका 10 सितंबर 2024 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना छिंदगढ में कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर या पंजीकृत डाक के माध्यम से अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना छिंदगढ से प्राप्त की जा सकती है।

गदापाल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क रिनिवल के नाम पर फर्जीवाड़ा

ग्राम पंचायत ने कलेक्टर से की लिखित शिकायत

- ठेकेदार पर बगैर काम किए राशि आहरण कर रूपये निकाल लेने का लगाया आरोप
- ठेकेदार ने कहा कोई गड़बड़ी नहीं, जितना काम किया उतने का ही मिला है भुगतान
- अपूर्ण सड़क को विभाग ने पूर्णता प्रमाण पत्र किया जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 8 सितंबर। धुर नक्सल प्रभावित गांव गदापाल में आज से दो दशक पूर्व नाकापारा से पटेलपारा तक करीब साढे चार किमी की पक्की सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाया गया था। उक्त सड़क की जर्जर हालत को देखते हुए उसके रिनिवल करने का कार्य पीएमजीएसवाय द्वारा वर्ष 2019-20 में स्वीकृत हुआ था उक्त सड़क का आधा अधूरा कार्य ठेकेदार श्याम सिंह भदौरिया द्वारा किया गया था जिसके एवज में 61 लाख रूपए आहरण किया गया है। ऐसा आरोप गदापाल पंचायत ने ठेकेदार पर लगाया है व पंचायत की ओर से इस संबंध में एक शिकायत पत्र कलेक्टर दंतेवाड़ा को देकर मामले की जांच करवाने एवं भ्रष्ट ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है।

गदापाल पंचायत के सरपंच बोमड़ा मंडावी ने बताया कि सडक का प्रथम भाग में मात्र 150 मीटर ही ठेकेदार ने रिनिवल किया है। ठेकेदार ने खुद ही माना है कि सडक रिनिवल का काम अभी अधूरा है तो फिर किस आधार पर पीएमजीएसवाय के कार्यपालन अभियंता दामोदर सिंह सिदार ने ठेकेदार को पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया है। इससे यह प्रतीत होता है कि कहीं ना कहीं विभागीय अधिकारी भी इस भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं। सडक की हालत बेहद खराब हो चुकी है शासन से रिनिवल कार्य स्वीकृति के बाद भी ठेकेदार द्वारा सड़क बनाने में कोताही बरता गया है। सडक काफी जर्जर स्थिति में है जिससे गांव वालों को आने जाने में काफी दिक्कतें पेश आ रही है। पंचायत ने कलेक्टर से सडक की जांच करवाने एवं दोषी ठेकेदार पर कठोर कारवाई करने की मांग रखी है। वहीं जब इस संबंध में ठेकेदार दीप भदौरिया से संपर्क किया गया तो उन्होने आरोप को पूरी तरह से बेबुनियाद है। ठेकेदार की मानें तो शिकायतकर्ता को पूरी तथ्यात्मक जानकारी नहीं है इसलिए वे इस तरह की बातें कर रहे हैं। भदौरिया ने कहा कि उक्त साढ़े 4 किमी की सड़कका रिनिवल का खर्च 61 लाख रूपए कैसे हो सकता हैजबकि एक किमी सड़क रिनिवल की राशि 10 लाख रूपये ही होता है। उन्होने कहा कि एक नहीं बल्कि अलग अलग चार सड़कों का पैकेज था जिसमें गदापाल नाकापारा वाली सडक की बात पंचायत कर रहा है तो बता दूं कि पीएमजीएसवाय से हमें 4 सड़कों के रिनिवल का कार्य टेंडर में मिला था जिसमें 3 सड़क का कार्य पूर्ण हो चुका है। चौथी सड़क गदापाल वाली जिसकी शिकायत हुई है दरअसल इस सडक के बीच में एक टूटा हुआ पुल है जिसके चलते पुल के उस पार गाडियां जा नहीं सकती इस वजह से चौक से लेकर टूटी हुई पुल तक करीब 850 मीटर तक बीटी कार्य हमने पूर्ण किया है जिसकी राशि करीब 5 लाख रूपये हमें मिला है हमने जितना काम किया है उतने का बिल बनाया जिसका भुगतान हमें मिला है। कार्य का एमबी रिकार्ड कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है। पुल के उस पार का कार्य नहीं हो पाया है इसलिए हमें अभी सड़क की पूरी राशि नहीं मिली है। टूटा हुआ पुलिया का टेंडर अभी हाल ही में हुआ है जब पुलिया बन जाएगा तब हम उस पार के बची हुई सडक के रिनिवल का कार्य पहुंचकर पूर्ण कर लेंगे। पूरी जानकारी लेकर अगर आरोप लगाया जाए तो उचित होगा। विभाग ऐसे ही अपूर्ण कार्य का पूर्ण राशि किसी को कैसे जारी कर देगा। लिहाजा आरोप सही नहीं है। कलेक्टर के समक्ष पेश होकर हमने सारा दस्तावेज दिखाकर उन्हें वास्तविक स्थिति से अवगत करा दिया है।

सड़क दुर्घटना में मृत शिक्षिका को दी गई श्रध्दांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गीदम, 8 सितंबर। नवनियुक्त सहायक शिक्षिका स्व. हेमा सिंह तंवर की हाल ही में बीते सोमवार को सड़क दुर्घटना में असामयिक मृत्यु हो गई थी। प्राथमिक स्कूलों से शिक्षक डिग्री धारक नवनियुक्त शिक्षको को बिलासपुर हाईकोर्ट ने निकालने का आदेश दिया था। जिसको लेकर हेमा सिंह तंवर अपने शिक्षक साथियों के साथ दंतेवाड़ा जिला कार्यालय ज्ञापन देने आई हुई थी और वापस नकुलनार जा रही थी इसी दौरान सामने से आ रही बोलेरो ने हेमा सिंह की स्कूटी को टक्कर मार दी थी जिससे हेमा सिंह की मौके पर मौत हो गई थी।

हेमा सिंह की याद में दुःख व्यक्त करते हुए दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय के दुर्गा चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।सभी शिक्षक साथियों और वरिष्ठ शिक्षकों ने स्व. हेमा सिंह तंवर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा के दौरान, दंतेवाड़ा जिला से छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के जिलाअध्यक्ष संतोष मिश्रा, रेखराम साहू एवं अन्य वरिष्ठ शिक्षकों ने बीएड वाले साथियों से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की और स्व. हेमा सिंह तंवर के परिजनों को शासन द्वारा सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाली समस्त सुविधाएं दिलाने के लिए यथासंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही, सभी ने स्व. हेमा सिंह तंवर की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और उनके प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दुखद घड़ी पर सभी शिक्षकगण उपस्थिति रहे और स्व. हेमा सिंह तंवर की स्मृति को सम्मान प्रदान किया और उनके परिवार के प्रति गहरी सहानुभूति व्यक्त की।

हम होंगे कामयाब अंतर्गत युवाओं को नशे से बचाने के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 8 सितंबर। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के युवा छात्र छात्राओं को व्यक्तित्व विकास, नशे से बचाव कैरियर काउंसिलिंग संबंधित शंकाओं के संबंध में जानकारी मुहैया कराने के उद्देश्य से बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में एक नयी पहल''हम होंगे कामयाब'अभियान की शुरुआत की गयी है। इस तारतम्य में आज शिक्षक दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय के डीके कालेज में हम होंगे कामयाब'' अंतर्गत युवाओं को नशे से बचाने हेतु विशेष कार्यशाला का हुआ आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज, स्किल के प्रशिक्षित छात्र सहित अन्य छात्र छात्राए बड़ी में उपस्थित रहे। हम होंगे कामयाब' कार्यशाला में मौजूदा दौर में युवाओं को नशे से बचाव एवं उनके दुष्प्रभाव से बचाने, व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर संबंधित शंकाओं के संबध मे चर्चा एक्सपर्ट द्वारा की गई। इसके अतरिक्त उद्योग विभाग द्वारा स्व रोजगार के योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई. जिला साख्यिकी अधिकारी सुमीत मेंरावी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए हम होंगे कामयाब' अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह जिले में अपनी तरह का पहला ऐसा अभियान है जिसके माध्यम से युवाओं की शिक्षा और उनके करियर को लेकर बातचीत और क्षमतावर्धन में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थानीय युवाओं को आसानी से करियर काउंसिलिंग, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हो या स्टार्टअप चलानी हो सब के लिए हम गुणवत्ता युक्त संसाधन उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य है।

गौरतलब है की हम होंगे कामयाब' कार्यक्रम जिले के युवाओं के लिए एक वृहद अभियान है। इसके तहत जिला प्रशासन का यह उद्देश्य है कि जिले के युवाओं तक पहुंचकर उनकी करियर काउंसलिंग और गाइडेंस, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और संपूर्ण शिक्षा के साथ ही उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देकर उनका मनोबल बढ़ाना और उन्हें मार्गदर्शन देना, ताकि जिले के युवा अपना भविष्य संवार सके और सकारात्मक राह की ओर बढ़ सके। इसके अतिरिक्त युवाओं को नशा से बचाने सतत कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है। इस मौके उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेडाम, जिला सूचना अधिकारी सत्यनारायण प्रधान, जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत, सहायक प्रबंधक जितेंद्र ढ़ीढ़ी, पंजीयक अधिकारी भूपेंद्र वैष्णव, आशा शुक्ला, सखी सेंटर तुलिका परगहनिया, सहित अन्य विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

सीआरपीएफ कैंप में की गई गणपति की स्थापना

सुकमा, 8 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। रति कान्त बेहेरा, कमाण्डेन्ट, 02 बटालियन, के.रि.पु.बल के दिशा निर्देशानुसार द्वितीय वाहिनी के वाहिन मुख्यालय व सभी क्रमशः मुर्करराजकोण्डा व दुलेर में भगवान गणेश की मूर्ती स्थापित की गई। विदित है कि गणेश उत्सव पूरे देश में मनाया जाता है, लेकिन महाराष्ट्र, तेलंगाना और कर्नाटक में बड़े पैमाने पर उत्सव मनाया जाता है। भगवान गणेश जी समृद्धि, सौभग्य और बुद्धि के प्रतिक है और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने से सभी बाधाये दूर हो जाती है। इस अवसर पर द्वितीय वाहिनी केरिपुबल के द्वारा मंदिर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें द्वितीय वाहिनी के अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों व जवानें के द्वारा पूरे हर्षो उल्लास के साथ भगवान गणेश जी का आह्वान व भोग तैयार किया गया। इसके साथ ही वाहिनी मुख्यालय परिसर शबरीनगर सुकमा में भगवान गणेश का आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद का वितरण मंदिर परिसर में उपस्थित कैम्प के आस-पास के गॉवों के लगभग 132 युवाओं, युवतियों, पुरूषों, बुजूर्गों, महिलाओं व बच्चों आदि भक्तगणों को कराया गया। इस मौके पर द्वितीय वाहिनी केरिपुबल के पवन कुमार, द्वितिय कमान अधिकारी, अनामी शरण, द्वितीय कमान अधिकारी, ज्ञानेश प्रताप सिंह सहा. कमाण्डेन्ट, के.रि.पु.बल एवं अन्य अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित थे। अंत में रति कान्त बेहेरा, कमाण्डेन्ट, 02 बटालियन, के.रि.पु.बल ने वाहिनी मुख्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों, सभी समवाय अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों व जवानों को भगवान गणेश की मूर्ती स्थापना को सफल बनाने के लिए अभिवादन किया तथा उनके और उनके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य व अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी, साथ ही कमाण्डेन्ट महोदय ने इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय में पधारने वाले सुकमा जिले के सभी अतिथिगणों का आभार व्यक्त करते हुए यह भी कहा की आप सभी के आगमन और बल के सदस्यों के साथ प्रसाद ग्रहण करने से हम सभी कृत्ज्ञ हुए।

तोकापाल मंडल शक्ति केंद्र बैठक में शामिल हुए चित्रकोट विधायक विनायक गोयल

तोकापाल, 8 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सदस्यता महापर्व अभियान के तहत आज 06/ 09/2024 को तोकापाल मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्र में बैठक रखी गई जिसमे विधायक गोयल जी के संबोधन में मोबाइल द्वारा ऑनलाइन सदस्यता जोड़ने के बारे में प्रत्येक शक्ति केंद्र प्रभारि के द्वारा बूथ के अध्यक्ष, पालक को 8800002024 में मिस्ड कॉल कर ऑनलाइन फॉर्म भरने की जानकारी एवं प्रतेक बूथ केंद्र में 200 सदस्यता जोड़ने को कहा गया इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, जिला पंचायत एवं कृषि सभापति रेतु राम बघेल, मंडल महामंत्री परदेशी कश्यप, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष लच्छिन यादव, मीडिया प्रभारी शिव सूर्यवंशी चारो शक्ति केंद्र रान सरगीपाल, छापर भानपुरी, घाट धनोरा, चोंडी मेटावाडा, के प्रभारी परदेशी कश्यप, अनंत कश्यप, गुलाब सिंग ठाकुर, पिलाराम कश्यप एवं जेस्ट श्रेष्ठ देवतुल्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न किया गया।

विधायक निवास में मनाया गया शिक्षक दिवस, याद किए गए डॉ. राधाकृष्ण

जगदलपुर, 8 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस पर विधायक निवास पर विधायक लखेश्वर बघेल माल्यार्पण कर उनका पावन स्मरण किया। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा की पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद्, भारत रत्न सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती पर हम सभी उनका पावन स्मरण करते हैं राधाकृष्णन जी ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना महती योगदान दिया, उनके जन्मदिवस को हम सभी 'शिक्षक दिवस' के रूप में भी बनाते हैं, इस अवसर पर मैं समस्त गुरुजनों को प्रणाम करता हूं। इस दौरान महिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंपा ठाकुर, बालक राम जोशी, तुलाराम सेठिया, लखेश्वर मंडावी, मिट्ठू राम, अर्जुन पांडे, कृपालु कश्यप, कुलधार कश्यप, बृज श्रीवास्तव, केके दुबे, वीरेंद्र कश्यप, सौरभ मंडल, जागेंद्र कुमार जीराम, उषा ठाकुर, सत्येंद्र यादव, एलन निषाद, मनीष पांडे, गोविंद सोनी, एवं समस्त कार्यकर्तागण स्टॉफकर्मचारी उपस्थित रहे।

महतारी वंदन योजना से महिलाओं में एक अलग ही खुशी का माहौल : संतोषी जैन

जगदलपुर, 8 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना से महिलाओं में एक अलग ही खुशी का माहौल बन गया है। प्रति माह मिलने वाली राशि से उनके छोटे मोटे खर्च के लिए किसी और पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। इससे एक तरह से उनका आत्मविश्वास प्रबल हुआ है। जिले के दुर्गुकोंदल ब्लॉक के ग्राम - गुमडीडीह की संतोषी जैन ने प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना का लाभ उठाकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की कहानी साझा की। जैन ने बताया'महतारी वंदन योजना से हमें बहुत फायदा हुआ है। समय पर मिलने वाली किश्त से हम अपने परिवार का बेहतर ढंग से पालन-पोषण कर पा रहे हैं।' उन्होंने बताया कि इससे कभी बच्चों के लिए, कभी अपने लिए जरूरत के कुछ सामान खरीद लेती हैं। श्रीमती जैन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा 'इस योजना से हम महिलाओं में अलग तरह की खुशी है। सरकार की यह योजना हमें आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ा रही है।' उल्लेखनीय है कि यह कहानी ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की सफलता का प्रमाण है। महतारी वंदन योजना ने न केवल आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान किया है, बल्कि महिलाओं को स्वावलंबन की ओर अग्रसर कर रही है।

महाराज चक्रधर सिंह ने शास्त्रीय कला, संगीत को दी विश्व में नई पहचान:मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने रायगढ़ में चक्रधर समारोह का किया शुभारंभ, रायगढ़ में संगीत महाविद्यालय की स्थापना की घोषणा की

रायगढ़, 8 सितम्बर। संगीत एवं कलाधानी नगरी रायगढ़ में आज 39वें चक्रधर समारोह का भव्य एवं रंगारंग आगाज हुआ। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 10 दिन तक चलने वाले इस समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि संगीत सम्राट महाराज चक्रधर ने शास्त्रीय कला संगीत को विश्व में एक नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गारंटी को सायं-सायं पूरा कर रही है। उन्होंने प्रदेश के किसानों, गरीबों सहित सभी वर्गों का आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य के प्रगति के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने स्थानीय कला संस्कृति के साथ-साथ पारंपरिक विरासत को सहेजने के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने इस मौके पर रायगढ़ में संगीत महाविद्यालय प्रारंभ करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने संगीत और कला के क्षेत्र में योगदान देने वाले संगीत के मर्मज्ञ विद्वतजनों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर रायगढ़ के शैल चित्रों पर आधारित अभिलेखीकरण पुस्तिका एवं चक्रधर समारोह की परिचय पुस्तिका का विमोचन

किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पत्रकार श्री विनय पाण्डेय द्वारा ब्राम्हीलिपि एवं खरोष्ठी लिपि में अनुसंधान पर आधारित कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया। श्री पाण्डेय द्वारा इस मौके पर मुख्यमंत्री को ब्राम्ही लिपि में लिखी नाम पट्टिका भेंट की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विगत पांच सालों में चक्रधर समारोह का आयोजन फीका पड़ गया था, अब रायगढ़ के विधायक और हमारे सरकार में वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी की पहल से चक्रधर समारोह के आयोजन को और बेहतर तथा भव्य स्वरूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को प्रकृति ने भरपूर खनिज संपदा से नवाजा है। यहां हीरा, कोयला, लोहा का भरपूर भंडार है, यहां की धरती में भरपूर उर्वरा शक्ति है। मेहनतकश किसान और हम सब मिलकर छत्तीगसढ़ को कृषि प्रदेश बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने किए गए वायदे के अनुरूप प्रदेश के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल 1300 रूपए के भाव से खरीदने का वायदा पूरा किया। तेन्दूपत्ता का पारिश्रमिक दर प्रति मानक बोरा 4000 रूपए से बढ़ाकर 5500 रूपए किया गया। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों को उनके खाते में राशि अंतरित करने का काम कर रही है। श्रीरामलला दर्शन योजना से यहां के लोगों को प्रभु श्रीराम का दर्शन करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अभी दो दिन पहले ही छत्तीसगढ़ को साढ़े आठ लाख से अधिक परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की है, हम इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने चक्रधर समारोह को नये स्वरूप में भव्य और आकर्षक रूप में आयोजित करने के लिए संस्कृति एवं पर्यटन विभाग को बधाई दी। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार ने कहा कि महाराज चक्रधर ने रायगढ़ घराना के कला संगीत को संजोकर रखा है। उन्होंने कला संगीत को देश और दुनिया में एक नई ऊंचाई देने का काम किया है। उनके इस योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि सम्राट चक्रधर शास्त्रीय कला संगीत के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान कर कला संस्कृति को एक नया आयाम दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश की कला संस्कृति, यहां की विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए तत्परता से काम कर रही है। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने चक्रधर समारोह के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा चक्रधर समारोह को एक भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा और आज उसे जिला प्रशासन, संस्कृति विभाग और पर्यटन विभाग के सहयोग से आज भव्य स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में देश के प्रतिष्ठित आठ पद्मश्री कलाकार भाग लेने आ रहे हैं।

एक नजर

नियम विरुद्ध कर दी गई लेखपाल की सेवा वृद्धि

बिजापुर 8 सितंबर। बीजापुर जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत भैरमगढ़ में एक लेखपाल की सेवानिवृत होने के बाद भी नियम विरुद्ध एक्सटेंशन देकर वेतन दिए जाने का और शासकीय राशि के दुरुपयोग का आरोप भैरमगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चित्राराम तेलाम भैरमगढ़ के जनपद पंचायत सीईओ पर लगाया है प्रेस को जारी अपने वक्तव्य में श्री तेलाम ने कहा कि जनपद पंचायत में पदस्थ रहे लेखपाल डीपी सेन 30 जून 2022 को सेवानिवृत हो चुके हैं लेकिन जिला पंचायत सीईओ के द्वारा 1 सितंबर 2022 को सेवा वृद्धि की अनुशंसा कर दी गई । किंतु सेवा निवृत्ति बाद दो माह अर्थात जुलाई 2022 एवं अगस्त 2022 का वेतन सीईओ जनपद पंचायत भैरमगढ़ के द्वारा भुगतान किया गया है, जिसमें शासन को चूना लगाया गया है वहीं यदि सेवा वृद्धि के बजाए संविदा नियुक्ति की गई है तो वह भी नियम के विरुद्ध है चित्रराम ने कहा की सेवानिवृत बाद संविदा नियुक्ति उनकी की जाती है जिनके अनुभव का लाभ शासन प्रशासन को मिले, जैसे आईएएस, आईपीएस,डॉक्टर, इंजीनियर आदि ।लेखपाल जैसे पद पर सेवानिवृत कर्मचारी की अनुशंसा कई तरह के संदेहों को जन्म देता है यही नहीं यह शिक्षित युवा बेरोजगारों का हक छीने जाने के समान है। चित्रराम ने कहा कि कार्यालय में पर्याप्त लिपिक होने के बावजूद भी डीपी सेन को पूरे दो वर्ष तक जनपद पंचायत का वित्तीय प्रभार सौंपना कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का प्रदर्शित होता है।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ बनेगा नंबर वन राज्य : हेमा मालिनी

रायपुर 8 सितंबर। मथुरा की सांसद प्रसिद्ध अभिनेत्री और नृत्यांगना पद्मश्री श्रीमती हेमा मालिनी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ नंबर वन राज्य बनेगा। श्रीमती हेमा मालिनी ने कल रायगढ प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की तारीफ़ करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ श्री साय के नेतृत्व में बहुत आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कभी फण्ड की कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा श्री साय के नेतृत्व में आदिवासियों, किसानों और महिलाओं की बेहतरी के लिए बहुत अच्छा काम हो रहा है उन्होंने कहा कि पहले नक्सल समस्या के कारण लोग यहाँ आने में हिचकिचाते थे,लेकिन अब श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की स्थिति बदल बदल गई है।

कोयला चोरी मामले में जीएम रोड लाइन कंपनी को तत्काल ब्लैक लिस्टेड किया जाए:मोनू केसरी

■ दिखावटी कार्रवाई बंद कर असल अपराधी की तत्काल गिरफ्तारी हो

खरसिया 8 सितंबर। भाजपा के उभरते युवा तुर्क मोनू केसरी ने रायगढ़ कोल प्रबंधक के ऊपर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि खदान में कोयला चोरी का सिलसिला विगत कई दिनों से या फिर सालों से चल रहा था। जिसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को भी थी फिर भी इन अधिकारियों के द्वारा इतनी बड़ी मात्रा में कोयला चोरी के खेल को समय रहते नहीं पकड़ा गया। जिसमें इनकी भी भुमिका होने से इंकार नहीं किया जा सकता है लेकिन आज कोयला चोरी का सारा खेल का भंडाफोड़ हो गया। जिसके चलते छ्राल एसईसीएल के अधिकारियों एवं ट्रांसपोर्टरो में भी हड़कम मचा हुआ है। कोयला चोरी में शामिल लोडर कंपनी के दो कर्मचारियो एवं एसईसीएल के दो छोटे कर्मचारियों और गाडियों के ड्रायवरों पर पुलिस ने उक्त मामले को शांत करने के लिए एफआईआर तो कर ली है पर वही मामले में संदिग्ध भूमिका में रहे लोडर मालिक के ऊपर कब कार्यवाही होगी इसका जवाब कोल प्रबंधक को देना होगा। एसईसीएल से कोयला चोरी के मामले में छाल पुलिस ने दोनो ट्रेलर ड्रायवरों पर मामला दर्ज कर लिया। माइंस से कोयला लोड करने में लोडर कंपनी के स्टाफ की भूमिका भी होती है। जिसकी पूरी जानकारी लोडर मालिक को होती है जिसके सह मे यह कोयला चोरी का या पूरा खेल चल रहा था। केसरी ने कहा की कोयला प्रबंधक रायगढ़ को कार्यवाही करना जरूरी है की लोडर पर्ची से माइंस में गाड़ी

घुसी और करीब 40-40 टन ए ग्रेट का कोयला चोरी कर लोडिंग होकर एवं कांटा होने के बाद बगैर किसी दस्तावेज या आधिकारिक अनुमति के बिना ही खदान से बाहर निकल रही थी। जिसमें बूम बैरियर के नहीं खुलने से बूम बेरियर कर्मचारी की सूझ बूझ से इतने बड़े मात्रा में कोयला चोरी होने की जानकारी का कई महीनों बाद पता चला इससे पहले आप खुद समझ सकते है की कितने करोड़ों का चोरी का कोयला के खेल खेला जा चुका होगा। अब समय आ गया है ऐसे कोयला चोरों के ऊपर बड़ी और सक्त से सक्त कार्यवाही हो। युवा तुर्क केसरी ने कहा कि छाल कोयला खदान में चोरी मामले में मुख्य भूमिका निभाने वाले मास्टरमाईड ट्रांसपोर्टर जी एम रोड लाइन को रायगढ़ कोल प्रबंधक तत्काल ब्लैकलिस्टेड करते हुए कड़ी कार्रवाई करें अन्यथा हमारे द्वारा आपके कार्यालय रायगढ़ एवं छाल खदान में बड़े रूप में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी रायगढ़ कोल प्रबंधक की होगी।

समाचार संक्षेप

ग्राम मुदवेन्दी में 85 बटालियन केरिपु बल लगा रहा है चिकित्सा शिविर

बीजापुर 8 सितंबर। जिला बीजापुर के अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम मुदवेन्दी में तैनात ए/85, जी/85 के0रि0पु0 बल तथा 202 कोबरा बट10 द्वारा मूसलाधार बारिश को देखते हुए दिनांक 05/09/24 से श्री सुनील कुमार राही, कमांडेंट 85 बटालियन, के0रि0पु0 के मार्गदर्शन में प्रतिदिन चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों की निःशुल्क मलेरिया जांच की जा रही है। जांच में मेलरिया से संक्रमित पाए जाने वाले ग्रामीणों व बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद एम्बुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगालूर में उपचार के लिए भेजा जा रहा है। अभी तक कुल 12 बच्चों को मेलरिया के उपचार हेतु अस्पताल भेजा जा चुका है। कैंप कमांडर श्री अनीश सैनी, सहायक कमांडेंट के द्वारा बताया गया कि देश की आजादी के 78 वर्षों के बाद भी इस क्षेत्र का विकास नहीं हो पाया, परंतु अब सीआरपीएफ़ द्वारा इस क्षेत्र में कैंप स्थापित होने व सड़क निर्माण होने के उपरांत ग्रामीणों में विकास की उम्मीद जगी है। पहले भी 85 बटालियन द्वारा इस क्षेत्र में सिकिल एक्शन प्रोग्राम के तहत लोगों को मुफ्त दवाएं, महिलाओं को सिलाई मशीन, बच्चों को साइकिल आदि मुहैया कराया गया है।

सुपर स्टार हेमा मालिनी ने भरतनाट्यम राधा रासबिहारी नृत्य नाटिका प्रस्तुत की

रायगढ़, 8 सितम्बर। रायगढ़ में कल से शुरू हुए चक्रधर समारोह में प्रख्यात अभिनेत्री, नृत्यांगना एवं सांसद श्रीमती हेमा मालिनी एवं उनकी टीम द्वारा भरतनाट्यम पर रासबिहारी नृत्य नाटिका की शानदार प्रस्तुति दी। नृत्य नाटिका रासबिहारी की मनमोहक प्रस्तुति से कलाप्रेमी और दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। इस प्रस्तुति के बीच में कई प्रसंगों के मध्य दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। श्रीमती हेमा मालिनी और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत रासबिहारी नृत्य नाटिका भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला, आराधना, संयोग-वियोग के प्रसंग दर्शकों को अभिभूत कर गए।

कलेक्टर के निर्देश पर ब्लाक बोड़ला में जब्त अनाज वाहन की जांच की गई

कवर्धा, 8 सितंबर। बोड़ला विकासखंड में ग्राम शीतलपानी से आ रहे वाहन में अवैध अनाज होने की आशंका पर वाहन को जप्त किया गया। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के संज्ञान में आने पर एसडीएम बोड़ला, खाद्य विभाग और नागरिक आपूर्ति निगम को जांच कर करवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देश पर विभाग द्वारा जप्त वाहन में प्राप्त अनाज की जांच की गई। खाद्य विभाग ने बताया कि वाहन में 25 बोरी चावल, 56 बोरी चना, 10 बोरी कुसुम एवं 05 बोरी कोड़हा बोरो में भरकर रखा गया था। वाहन नर्मदा प्रसाद साहू एवं उनके साथी मोहित धुर्वे द्वारा शीतलपानी से लेकर आने की जानकारी मिली। वाहन में लोडेड चावल पीडीएस का होने की आशंका के कारण वाहन में लोडेड चावल का रौण्डम सैम्पल लेकर विश्लेषण किया गया। विश्लेषण रिपोर्ट अनुसार चावल के लिये गये नमूना प्रतिनिधियों में फोर्टिफाईड राईस का अंश निरंक पाया गया। विभाग ने बताया कि बोड़ला क्षेत्र में नागरिक आपूर्ति निगम के प्रदाय केन्द्रों से उचित मूल्य की दुकानों में अन्त्योदय, प्राथमिकता आदि राशनकार्डों में हितग्राहियों को वितरण के लिए पीष्टिक चावल के रूप में फोर्टिफाईड राईस का भण्डारण एवं वितरण किया जा रहा है। अतः प्लास्टिक के बोरो में रखे चावल में फोर्टिफाईड चावल के अंश नहीं पाये जाने के कारण यह पीडीएस अंतर्गत भण्डारित की जा रही एवं उपभोक्ताओं को वितरित की जा रही चावल होने के प्रमाण नही मिले है। नागरिक आपूर्ति निगम के प्रदाय केन्द्रों से आपूर्ति की जाने वाले चावल जूट के बोरो में एवं उस पर एक फ्लैग जिसमें क्राप ईयर और चावल की किस्म तथा लॉट नम्बर एवं मिलर का नाम आदि जानकारी दर्ज होती है। विभाग ने बताया कि नर्मदा प्रसाद साहू एवं उनके साथी मोहित धुर्वे मंडी बोर्ड के लाइसेंसधारी व्यक्ति है लेकिन वर्तमान में लाइसेंस का नवीनीकरण नही होना पाया गया। वाहन स्वामी एवं वाहन चालक के पास खरीदी विक्री के लिए वैध मंडी अनुज्ञप्ति नहीं होने के कारण मंडी बोर्ड कवर्धा के द्वारा मंडी बोर्ड के तहत नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जा रही है। वर्तमान में वाहनमय सामग्री को आगामी जांच एवं कार्यवाही पर्यन्त जिला कृषि उपज मंडी की अभिरक्षा में सुरक्षरार्थ रखा गया है।

बस्तर में गिद्ध रेस्टारेंट खोलने और जियो टैगिंग के लिए केंद्रीय पर्यावरण,वन मंत्रालय को भेजा प्रस्ताव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 8 सितंबर। जिले के इंद्रावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पिछले तीन वर्ष में गिद्धों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी से उत्साहित प्रबंधन ने गिद्धों का कुनबा बढ़ाने गिद्ध रेस्टारेंट नाम से योजना तैयार की है। इसमें गिद्धों के लिए 20 से अधिक नए आहार स्थल बनाना प्रस्तावित किया है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व बस्तर में गिद्धों के लिए गिद्ध रेस्टारेंट खोलने व जियो टैगिंग का प्रस्ताव केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भेजा है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन का मानना है, उक्त योजना गिद्धों की संख्या बढ़ाने में मददगार हो सकती है।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में इंद्रावती टाइगर रिजर्व के इलाके में गिद्धों की संख्या 55 थी, जो अब बढ़कर 200 से अधिक हो गई है और लगातार बढ़ रही है। गिद्ध संरक्षण की शुरुआत स्थानीय युवाओं को ÷गिद्ध मित्र÷ बनाकर की गई, जो गिद्धों की निगरानी करने और ग्रामीणों को जागरूक करने का काम करते हैं। गिद्ध मित्र और पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से ग्रामीणों के मवेशियों

का इलाज अब एलोपैथिक दवाओं की बजाय जड़ी-बूटियों से किया जा रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम हमारे सामने है। गिद्ध मित्र मृत मवेशियों को गांव से दूर जंगल में चिन्हित स्थानों पर छोड़ते हैं, ताकि गिद्धों को पर्याप्त आहार मिल सके। आहार की उपलब्धता बढ़ने से तीन गिद्ध प्रजातियां, इंडियन गिद्ध, व्हाइट ट्रम्पड गिद्ध, और ग्रिफ्फान गिद्ध, अब यहां दिखाई देने लगी हैं। रिजर्व के निदेशक सुदीप बलगा ने बताया कि बस्तर संभाग के इस इलाके में गिद्धों की संख्या बढ़ाने शुरू की गई योजना से उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं। बस्तर में गिद्धों को आहार उपलब्ध कराने गिद्ध रेस्टारेंट खोलने का प्रस्ताव पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भेजा गया है। इसके साथ ही गिद्धों पर अध्ययन के लिए जियो टैगिंग की भी योजना तैयार की गई है। इसका उद्देश्य गिद्धों के लिए ऐसे क्षेत्र विकसित करना है, जहां मानवीय बाधा को कम कर गिद्धों के लिए पर्याप्त आहार उपलब्ध कराए जा सकें। गिद्धों की जियो टैगिंग भी की जानी है, जिससे गिद्धों के बारे में जानकारी एकत्र की जा सकी। इस जानकारी के उपयोग से गिद्धों के लिए बेहतर पर्यावास विकसित करने की योजना है।

इंद्रावती टाइगर

कमार जनजाति के हितग्राहियों को मिल रहा शासकीय योजनाओं का लाभ

धमतरी 8 सितंबर। भारत सरकार द्वारा कमार जनजाति को विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के आर्थिक, समाजिक, शैक्षणिक उत्थान के लिए विशेष कार्य किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कमार परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए भी विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत धमतरी जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बसाहटों में लगातार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत कमार बसाहटों में विभिन्न विभागों द्वारा शिविर आयोजित कर शासन की योजनाओं आधार कार्ड पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, राशन कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि, फसल ऋण, सुकन्या समृद्धि, मातृ वंदन, कुपोषण मुक्ति, आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल, जनधन खाता, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जन्म प्रमाण-पत्र, ऋण पुस्तिका, जाति प्रमाण पत्र, विश्वकर्मा योजना, श्रम कार्ड, ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल प्रवेश और नल जल योजना से लाभान्वित किया जा रहा। इसी कड़ी में मगरलोड विकासखण्ड के खड़मा, मड़वापथरा और नगरी विकासखण्ड के बगरूम्नाला स्थित कवाचीपारा तथा आमापारा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। धमतरी जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बसाहटों में लगातार विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से 07 हितग्राही को आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता 11, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 12, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 01, किसान सम्मान निधि 18, सुकन्या समृद्धि 01, सिकलसेल, एनीमिया एवं कुपोषण के 01, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के 01, विश्वकर्मा योजना से 08 और श्रम कार्ड प्रदाय 26 कमार हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

स्वाइन फ्लू से 59 वर्षीय बुजुर्ग की हुई मौत

महासमुंद 8 सितंबर। जिले में अब तक स्वाइन फ्लू के 7 पॉजिटिव मरीज मिले हैं जिनमें 4 मरीज स्वस्थ चुके है और एक मरीज होम आइसुलेशन में है। वहीं एक 59 वर्षीय मरीज की इलाज के दौरान राजधानी रायपुर के निजी अस्पताल में मौत हो गई है। जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ छत्रपाल चंद्राकर ने इसकी पुष्टि की है और उन्होंने जिले में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट करते हुए लोगों से सावधानियां बरतने की अपील की है। जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ छत्रपाल चंद्राकर ने बताया कि कल सुबह रायपुर के निजी अस्पताल में बसना के 59 वर्षीय एक व्यक्ति की स्वाइन फ्लू के चलते मौत हुई है। वहीं जिले में स्वाइन फ्लू के 7 मरीज पाए गए है जिनमें से 4 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं वहीं महासमुंद के 01 मरीज का होम आइसुलेशन में इलाज जारी है। बसना के 01 और मरीज का रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पॉजिटिव मरीजों का काटेक्ट ट्रेसिंग किया गया है। हालांकि राहत की बात यह है कि जो व्यक्ति स्वाइन फ्लू पॉजीटिव पाए गए हैं उनके काटेक्ट में आने वाले अन्य कोई भी व्यक्ति, स्वाइन फ्लू के लक्षण में नहीं है। उन्होंने बताया कि कोरोना की तरह स्वाइन फ्लू के भी लक्षण सर्दी, खांसी, बुखार और बदन दर्द जैसे संकेत है। स्वाइन फ्लू का इलाज संभव है, समय रहते टेस्ट के साथ डॉक्टरी परामर्श लेते हुए दवा लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग जिले में स्वाइन फ्लू को लेकर अलर्ट मोड पर है। हर ब्लॉक में ऐसे लक्षण पाए जाने पर तत्काल टेस्ट कराया जा रहा है। महासमुंद मेडिकल कॉलेज में स्पेशल वार्ड के साथ आईसीयू सेंटर भी बनाया गया है।

मुख्यमंत्री ने रायगढ़ में प्रयास आवासीय विद्यालय का किया उद्घाटन

रायगढ़, 8 सितम्बर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ के गढ़उमरिया में शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय का विधिवत शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को आह्वान किया कि वह जीवन में सफलता के लिए बड़े सपने देखे और उसको साकार करने के लिए पूरे मनोयोग से जुट जाएं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रायगढ़ जिले का यह प्रयास आवासीय विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में मिसाल कायम करेगा। इस मौके पर कृषि मंत्री एवं रायगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री श्री राम विचार नेताम, वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। छत्तीसगढ़ में विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिले और वह आगे बढ़े, इसको लेकर हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। शिक्षा के नित नए संस्थान प्रारंभ किए जा रहे है। रायगढ़ में प्रयास आवासीय विद्यालय का शुभारंभ भी हमारे इन्हीं प्रयासों की एक कड़ी है। हमने राज्य में नई शिक्षा नीति 2020 को लागू किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पूरे देश में शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए प्रयासरत है। पीएम श्री स्कूल योजना के माध्यम से शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है। राज्य में 263 स्कूलों को पीएमश्री योजना में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर प्रयास आवासीय विद्यालय के प्रवेशित विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री का भी वितरण किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम ने कहा कि राज्य के नौनिहाल पीढ़ी के भविष्य निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ सरकार बेहतर व्यवस्था

कर रही है। गणेश चतुर्थी के दिन प्रयास विद्यालय का उद्घाटन हमारे लिए मिसाल है। इसका लाभ इस जिले के विद्यार्थियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड की परीक्षा में प्रयास विद्यालय के 7 बच्चें टॉप किए हैं। जीवन लक्ष्य को हासिल करने के लिए उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार एवं केन्द्र सरकार के समन्वित प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सब के लिए यह गर्व का विषय है कि छत्तीसगढ़ का रायपुर देश का इकलौता शहर है जहां एनआईटी, एम्स, आईआईटी, ट्रिपलआईटी, एचएनएलयू, मेडिकल कॉलेज, आईआईएम जैसे महत्वपूर्ण संस्थान है। गौरतलब है कि शिक्षा के क्षेत्र में उच्च स्तरीय गुणवत्ता तथा उत्कृष्टता का प्रतीक माने जाने वाले प्रयास आवासीय विद्यालय की स्थापना शिक्षा सत्र 2024-25 अंतर्गत रायगढ़ जिले में की गई है। यह विद्यालय गढ़उमरिया स्थित लाइवलीहुड कॉलेज के भवन में संचालित होने जा रहा है। विद्यालय में प्रवेश हेतु राज्य स्तर पर की गई काउंसलिंग पश्चात कुल 96 विद्यार्थियों में 49 बालक एवं 47 बालिकाओं को प्रवेश दिया गया है।

एक और पत्रकार पर दबंगों ने किया जनपद के सामने हमला

जान से मारने की दी धमकी, पत्रकार हुए लामबंद, आरोपियों के खिलाफ संघ के लोग पुलिस थाना पहुँच की शिकायत

✍ भुवनेश्वर प्रसाद साहू

सोनाखान/कसडोल, 8 सितम्बर। भाजपा मण्डल कसडोल के मीडिया प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ कसडोल इकाई के सह सचिव पुरुषोत्तम कैवर्त पर सरेआम कुछ दबंगों गोरेलाल साहू सरपंच पति ग्राम पंचायत खैरा (क) एवं जिला पंचायत सभापति बलौदाबाजार, कमल किशोर साहू सरपंच ग्राम पंचायत छँछी ने 4 सितम्बर 2024 को शाम 4:30 बजे जनपद पंचायत कसडोल के सामने कई लोगों के समक्ष भ्रष्टाचार शिकायत जाँच कार्रवाई की बात को लेकर बौखलाहट में हमला करते हुए अपमान जनक माँ -बहन की अश्लील गाली गलौ गलौज कर दिनदहाड़े जान से मारने की धमकी दी। ले देकर पत्रकार संघ कसडोल के संरक्षक देवेंद्र साहू के हस्तक्षेप से आरोपी लोग शांत हुए और वहां से भाग निकले। वे इतने आक्रोषित थे कि यदि अकेले में मिलते तो पत्रकार की जान भी जा सकती थी।

इस वारदात के बाद घबराए पत्रकार पुरुषोत्तम कैवर्त ने सबसे पहले पत्रकार संघ के अध्यक्ष को सम्बोधित करते हुए घटना की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अध्यक्ष द्वारा अगले दिन सुबह तुरंत संघ की बैठक आहूत की। बैठक में सदस्यों द्वारा घटना की निंदा की गई और पीड़ित पत्रकार के नाम से आवेदन तैयार कर उपस्थित सभी पुलिस थाना कसडोल पहुँच कर स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चोपरांत लिखित शिकायत की गई।

ये है मामले का कारण

ग्राम पंचायत खैरा (क) के सरपंच पति एवं जिला पंचायत बलौदाबाजार के सभापति गोरेलाल साहू के व्यक्तिगत बैंक खाते में नियम विरुद्ध चेक अथवा डीएससी के माध्यम से रूपये अनेक पंचायतों से गया है। इसकी जानकारी मिलने पर उनसे सम्बंधित पंचायतों से सूचना का अधिकार के तहत जानकारी जुटाना शुरू किया गया। दस्तावेज मिलने और गहन अध्ययन पश्चात् उनके समस्त जिला पंचायत क्षेत्र के पंचायतों मे हुए आर्थिक अनियमिता की जाँच कार्रवाई करने सर्व प्रथम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)कसडोल के कार्यालय में विधानसभा चुनाव से पहले लिखित आवेदन देकर जाँच कार्रवाई करने की मांग आवेदक पत्रकार द्वारा की गई किन्तु अनुविभागीय अधिकारी ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की। कई बार उन्हें फ़ोन के माध्यम से अथवा स्वयं मिलकर निवेदन भी किया गया, किन्तु कार्रवाई शून्य रहा। शिकायत की कॉपी आज भी उनके

पास है। एक वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा मण्डल कसडोल के मीडिया प्रभारी के शिकायत पर उनके द्वारा कार्रवाई न किया जाना संदेह के घेरे में है।

यही कारण है कि उनसे जुड़े ग्राम पंचायतों का अलग-अलग दस्तावेज निकालकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल के पास जाँच कार्रवाई हेतु आवेदन देना पड़ रहा है। इस कड़ी में स्वयं गोरेलाल साहू के ग्राम पंचायत खैरा (क) जहां उनकी पत्नी सरपंच एवं सरपंच संघ जनपद पंचायत कसडोल की अध्यक्ष हैं कि सत्यापित दस्तावेज नियमानुसार लेकर जाँच कार्रवाई हेतु शिकायत की गई, जाँच भी पूरी हो गई, जाँच प्रतिवेदन भी जनपद पंचायत कसडोल से नियमानुसार लिया गया। जिसमें आरोप सत्य पाया गया है। आगे की कार्रवाई पर मुख्य कार्यपालन अधकारी से पूछने पर बताया गया कि नियमानुसार कार्रवाई करने से पहले तीन बार नोटिस देना पड़ता है। पहले नोटिस में कोई जवाब नहीं आया तो दूसरा नोटिस दे दिया हूँ। तीसरा नोटिस पश्चात् अनुविभागीय अधिकारी के पास आगे की कार्रवाई हेतु अनुशंसा पत्र मेरे द्वारा दिया जावेगा। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत छँछी से भी दस्तावेज प्राप्त कर जाँच कार्रवाई हेतु आवेदन किया गया, जिसपर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जाँच का आदेश दिया गया है। जाँच अभी बाकी होना है। यहाँ भी बिना दुकान के फर्जी बिल के जरिये कुछ लोगों की खाते में रूपये नियम विरुद्ध डाला गया है। जिसका जाँच में खुलासा हो जावेगा।

इसी तरह कुछ और पंचायतों की जाँच का आवेदन लगा हुआ है। इन्हीं खुलासे और भ्रष्टाचार का पर्दाफ़ाश जनता के सामने आने के भय से कुछ लोग बौखलाए हुए हैं। यही कारण है कि चोर - चोर मौसेरे भाई की तर्ज पर एक सच्चे ईमानदार पत्रकार पर कार्रवाई वापस लेने के दबाव बनाने तरह तरह के हथकंडे अपनाते हुए किसी तरह पत्रकार को फ़साने की कुत्सित प्रयास में लगे हैं।

पुलिस थाना कसडोल जाने के बाद थाना प्रभारी से पत्रकारों को पता चला कि गोरेलाल साहू कुछ सरपंच-सचिव को साथ लेकर पत्रकार पुरुषोत्तम कैवर्त के खिलाफ पुलिस थाना कसडोल एवं पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार जाकर विज्ञापन के लिए धमकाने, अवैध वसूली करने सहित एसटी एससी की धारा के साथ शिकायत किया गया है। जो कि सरासर झूठ और बेबुनियाद आरोप है। अपनी गर्दन फंसता देख गोरेलाल साहू की साजिश है और कुछ नहीं। वे अपने पद और प्रतिष्ठा के लिए निर्दोष पत्रकार को फंसाने के लिए हथकंडा अपना रहे है।

यहाँ तक ठीक है कि पत्रकार पुरुषोत्तम के खिलाफ पुलिस थाना कसडोल एवं पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के पास शिकायत किया है, किन्तु जनपद कार्यालय के सामने कई लोगों के सामने उनपर हमला कर अपमान जनक माँ बहन की अश्लील गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने की क्या जरुरत थी इससे साफ समझा जा सकता है कि अपने खिलाफ कानूनी कार्रवाई होता देख बुरी तरह फंसने की स्थिति सामने देख बौखलाहट में ऐसा कदम उठाया गया है। उनका मंशा साफहै।

इस सम्बन्ध में पुरुषोत्तम कैवर्त से प्रतिक्रिया लेने पर कहा कि खिसियानी बिल्ली खम्भा नोंचे वाली कहावत यहाँ चरितार्थ हो रही है। आप सभी मुझे पिछले कई वर्षों से जानते हैं। आज तक मुझपर कभी ऐसा आरोप नहीं लगा है। मैंने अपने जीवन में कभी सच्चाई ईमानदारी के साथ समझौता नहीं किया, मेरी आत्मा और ईश्वर जानते हैं। अपने पचपन-छप्पन साल की उम्र में पहली बार मुझ पर भ्रष्टाचारचारियों द्वारा अपने काले कारनामें पर पर्दा डालने के लिए व मुझ पर दबाव बनाने के लिए ये सब किया जा रहा है, पर मैं अपने सिद्धांतो के साथ समझौता नहीं करुंगा। चाहे कुछ भी कठिनाइयों का मुझे सामना करना पड़े। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ मेरा मुहीम और तेज होगी। आप लोगों के माध्यम से. मैं स्पष्ट कर देता हूँ कि आने वाले समय में मुझ-पर हमला होता है और मेरी जान जाने पर सारी जिम्मेदारी साजिश पूर्वक मेरे खिलाफ झूठी शिकायत करने वालों की होगी। इसका जिक्र मैंने पुलिस थाने में दिए शिकायत में भी किया है। क्योंकि इस हमले के बाद मैं और मेरे परिवार के लोग दहशत में हैं।

समाचार संक्षेप

कभी भी गिर सकता है पुराना व सूख चुका पीपल का वृक्ष

भखारा, 8 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम कोसमर्रा के रामलीला चौक के पास पुराना पीपल का वृक्ष साल भर पहले सूख चुका है एवं अंदर से सड़ चुका है चौक के पास तीन मुख्य मार्ग हैं जिससे होकर ग्रामवासियों का गुजरना पड़ता है चौक होने के कारण बच्चे वृक्ष के नीचे खेलते रहते हैं स्कूली बच्चों एवं शासकीय महाविद्यालय भखारा के छात्र-छात्राओं का इस मार्ग से आना जाना लगा रहता है। दो बार यह सड़े हुए शाखाएं वृक्ष से नीचे गिर चुकी हैं पेड़ की सूख चुके शाखाएं कभी भी नीचे गिर सकती है एवं वृक्ष के ठीक नीचे तीनों मार्ग पर घरेलू विद्युत कनेक्शन का तार गया हुआ है ऐसे में अपूरणीय क्षति होने की पूर्ण संभावना है। वृक्ष का आकार बड़ा होने के कारण वृक्ष की कटाई करवाने के लिए ग्राम विकास समिति ने सरपंच ग्राम पंचायत कोसमर्रा को एक माह पूर्व आवेदन दे दिया है वहीं सरपंच द्वारा वृक्ष की कटाई एक सप्ताह के अंदर करने का आश्वासन भी दिया गया था किंतु अभी तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है वार्ड वासियों एवं ग्रामीणों ने मार्ग से ना गुजरने की अपील की है।

शाउमावि अंवरी में मनाया गया शिक्षक दिवस

भखारा, 8 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी में 5 सितंबर को स्कूली बच्चों ने बड़ी धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया। जिसमें प्रथम सोपान में जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार बच्चे अपने विद्यालय एवं संकुल के विद्यालय में शिक्षकों के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की तत्पश्चात अपने विद्यालय में उपस्थित होकर बड़े भव्य तरीके से शिक्षक दिवस मनाया गया जिसमें नवाचार करते हुए शिक्षकों को एक चिट प्रदान किया गया तथा उसमें लिखे हुए वाक्य के अनुसार शिक्षकों को वह भूमिका अदा करने का निवेदन किया गया था जिसे सभी शिक्षकों ने बड़े अच्छे ढंग से निभाया जिसके कारण छात्रों को बहुत आनंद आया इस कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी हिमानी पाल एवं कक्षा नवमी की छात्रा कुमारी सेलिना साहू के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया तथा सभी छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को उपहार प्रदान कर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता की। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन विकास समिति एवं शिक्षक-शिक्षिका एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

साहू समाज भवन निर्माण के लिये हुआ भूमिपूजन

भखारा, 8 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर पंचायत भखारा में साहू भवन निर्माण के लिए कुरूद विधायक अजय चंद्राकर द्वारा विधायक निधि से 6.50 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। नगर भखारा के वार्ड क्रमांक2 में निर्माण होने वाली साहू भवन का भूमिपूजन नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पलता देवांगन के करकमलो से हुआ। उक्त अवसर पर रामगोपाल देवांगन, पार्षद रोशन केला, हरखचंद जैन समाज सेवी, झम्मन लाल साहू पार्षद, दया राम साहू, डामेश साहू, खुबलाल साहू, रामायणी झम्मन साहू, ईश्वर साहू, रमेश साहू, ऊमेंद साहू, सुकालु साहू, सुकलाल साहू, धनुष देवांगन, पारस साहू, पुरण साहू उपस्थित हुए।नए साहू समाज भवन निर्माण भूमिपूजन से भखारा नगर ईकाई के समस्त स्वजातीय बन्धुओ में हर्ष व्याप्त है जिसके लिए साहू समाज ने विधायक चंद्राकर का आभार व्यक्त किया।

एक नजर

पुलिस की निष्क्रियता के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद : शर्मा

भाटापारा, 8 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, ज़िला संयुक्त महामंत्री संतोष सोनी, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष कुबेर यदु ने सराफ़ा व्यापारी नुतेश सोनी पिता खेमलाल सोनी के साथ नौंदघाट से रोहरा मार्ग पर बंजारी नाला पुल पर नकाबपोश धारी लुटेरों दुवारा गोली मार कर लूटने की घटना की कटु निंदा करते हुये कहा कि लिमतरा पुलिस सहायता केंद्र में आवश्यक पुलिस बल की कमी साथ ही साथ नये चोकी प्रभारी की निष्क्रियता के चलते विगत एक सप्ताह में लगातार नकाबपोश धारी व्यक्तियों के दुवारा लूटपाट की घटना को अंजाम देने के बाद आज फ़िर से इन्ही नकाबपोश धारी गैंग ने भाटापारा के सराफ़ा व्यापारी नुतेश सोनी पर गोली चलाकर जान से मारने की कोशिश किया और लगभग चार लाख रुपये के लागत की सोने, चाँदी और नगदी रकम लूट ली, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष कुबेर यदु की जानकारी पर सुबह सात बजे मोटर सायकल से घटनास्थल बंजारी नाला पुल पर पहुँचकर किसानों के साथ घटना इस्थल का निरीक्षण कर पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, किसान नेता कुबेर यदु, संतोष सोनी ने पुलिस प्रशासन पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुये नकाबपोश धारी अपराधियों को तत्काल गिरिफ़्तार करने और लिमतरा चोकी प्रभारी को निलंबित करने की माँग पुलिस महा निरीक्षक जुनेजा जी एवं ज़िला पुलिस अधीक्षक अग्रवाल जी बलोदाबाज़र से की है, कॉंग्रेस नेताओ ने कहा कि पुलिस प्रशासन एक सप्ताह के अंदर यदि अपराधियों को गिरिफ़्तार नहीं कर पाती है तो कॉंग्रेस पार्टी भाटापारा विधानसभा की जनता जनार्दन, किसान, मज़दूर, महिलाओं, व्यापारियों के हितों के ख़ातिर जंगी धरना/प्रदर्शन कर लिमतरा पुलिस चोकी का घेराव करने बाध्य होगी जिसकी ज़िम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

पेंड्री (कलंगपुर) में 10 सितंबर को मनायेंगे प्रदेश स्तरीय ओबीसी दिवस

भखारा, 8 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ओबीसी सुरक्षा कानून, आबादी के अनुसार समान

हिस्सेदारी व जातिवार जनगणना करवाने के लिए अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ से संबद्ध ओबीसी संयोजन समिति के तत्वाधान मे आजादी की दूसरी संघर्ष की स्थापना एवं पिछड़ा वर्ग आंदोलन के प्रथम शहीद चूल्हाई राम साहू की शहादत की याद मे 10 सितंबर को बालोद जिला के गुंडरदेही ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंडरी (कलंगपुर) में प्रदेश स्तरीय ओ.बी.सी. दिवस मनाया जा रहा है जिसमे छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष आर.एस विश्वकर्मा, प्रभाकर ग्वाल (पूर्व सीबीआई मजिस्ट्रेट), कुंवर सिंह निषाद विधायक गुंडरदेही, गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग शहर, संगीता सिन्हा विधायक बालोद सहित विभिन्न जाति बिरादरी के प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित हो रहे हैं। इस कार्यक्रम को लेकर प्रदेश सहित धमतरी जिला के ओबीसी समाज मे खुशी और उत्साह का माहौल है। समिति के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने प्रदेश सहित धमतरी जिला के ओबीसी समाज से इस गौरव शाली अवसर पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से तन-मन-धन, समय और साधन सहित सभी संभव सहयोग देकर इस सामाजिक क्रांति का हिस्सा बनने और पिछड़े वर्गों की आवाज बुलंद करने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील किया है।

पुलिस ने ग्राम भालुकोना में घटित अंधेकत्ल के दो मामलों का किया पर्दाफाश

महिलाओं की हत्या करने वाले सीरियल किलर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- आरोपी ने वर्ष 2020 में एक 35 वर्षीय एवं साल 2023 में एक 56 वर्षीय महिला की कर दी थी हत्या
- ग्रामीणों से पूछताछ, घटनास्थल निरीक्षण एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर वृद्ध महिलाओं की हत्या करने वाले आरोपी की हुई पहचान
- पुलिस टीम ने साइन लैंग्वेज विशेषज्ञों की मदद से पूछताछ कर दबोचा गया आरोपी को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 8 सितम्बर। पहला मामला 29 मई 2020 को प्रार्थी रामायण पटेल निवासी ग्राम भालुकोना द्वारा थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि इसकी भतीजी अनुपम बाई अपने घर में अकेली रहती थी कि 29 मई 2020 की प्रातः 7:30 बजे सूचना मिली कि मृतिका अनुपमा बाई का शव महानदी किनारे एक पेड़ के डंगाल में मरी पड़ी है। कि सूचना पर थाना लवन का पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंचा। पुलिस बल द्वारा संपूर्ण घटनास्थल का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें मृतिका का शरीर पेड़ डंगाल में लेटा हुआ तथा पैर जमीन में था, कपड़ा बिखरा हुआ, सिर पर काफी चोट लगा था तथा शव पूरी तरीके से खून से लथपथ था। पास में ही खून लगा एक सूखी लकड़ी भी पड़ा मिला। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसी सूखी लकड़ी से मारपीट का मृतका की हत्या किया जाना एवं शव को पेड़ में लटका देना प्रतीत हो रहा था। घटनास्थल निरीक्षण में मिले परिस्थितिजन्य साक्ष्यों, लकड़ी का टुकड़ा आदि को विधिवत जप्त किया गया। कि रिपोर्ट पर महिला की हत्या करने वाले अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना लवन में अपराध क्र. 345/2020 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दूसरा मामला 13 मार्च 2023 को प्रार्थी किशन यादव निवासी ग्राम भालुकोना द्वारा थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गांव के पनखड्डी तालाब पार स्थित मंदिर के पास गौरी बाई यादव उम्र 56 साल निवासी ग्राम भालुकोना का शव पड़ा हुआ है। कि सूचना पर थाना लवन का पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पहुंचा। पुलिस बल द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया की मृतिका घर में अकेली रहती थी। मृतिका के सिर, चेहरा में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मारकर चोंट पहुंचाया जाना, जिसमें से खून निकला हुआ था। साथ ही शव को घसीटने का निशान भी दिख रहा था। इस दौरान घटना स्थल में मिले महत्वपूर्ण साक्ष्यों, खून लगा लकड़ी का टुकड़ा, एक लोहे का हंसिया आदि विधिवत जप्त किया गया। कि रिपोर्ट पर महिला की हत्या करने वाले अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना लवन में अपराध क्र. 212/2023 धारा 302 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

दोनों प्रकरणों में ग्रामवासियों से विस्तृत पूछताछ किया गया। साथ ही घटनास्थल का सुक्ष्म निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए। इसके साथ ही दोनों महिलाओं के रहन-सहन एवं दैनिक दिनचर्या का भी अध्ययन किया गया। संपूर्ण घटनाक्रम एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर इस हत्याकांड में गांव के ही एक संदेही तेजराम उर्फ कोंदा का नाम सामने आया। उक्त संदेही को हिरासत में लेकर साइन लैंग्वेज विशेषज्ञों की मदद से उससे मनोवैज्ञानिक रूप से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा एक सीरियल किलर की भांति दोनों महिलाओं की हत्या करना स्वीकार किया गया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर एवं अन्य हथियार भी बरामद किया गया। पुलिस टीम की विशिष्ट कार्यकुशलता एवं समर्पण द्वारा दो महिलाओं की हत्या करने वाली आरोपी को गिरफ्तार करने में सफ़लता मिली है। प्रकरण में 6 सितम्बर 2024 को आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान : जिला व ब्लाक स्तर पर होंगे कई कार्यक्रम

कलेक्टर ने कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 8 सितम्बर। आगामी 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता -संस्कार स्वच्छता की थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान तथा 2 अक्टूबर 2024 को स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाएगा। इस अभियान अंतर्गत जिला, विकासखंड एवं ग्राम पंचयतों में विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजन की तैयारी के सम्बन्ध में कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत, उप संचालक पंचायत एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक को प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सूची तैयार करने के निर्देश दिए।इसीतरह जनपद सीईओ को अपने विकासखंडो में कार्यक्रम आयोजन हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

एसडीएम को कार्यक्रम आयोजन की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई।

कलेक्टर सोनी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना, गांव में गंदे एवं कचरे ढेर जमा स्थानों की सफाई, मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन तथा स्वच्छग्रही, सफाई मित्र के योगदान की सराहना, पिछले वर्ष किये गए कार्यों को एक उत्सव के रुप में मनाना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 अंतर्गत किये जाने वाले गतिविधियों में 3 मुख्य आधार स्तम्भ है जिनमे स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता एवं सफाई मित्र सुरक्षा शिविर शामिल है। उन्होने बताया कि 14 सितम्बर से अभियान की शुरुआत होगी जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने कार्यालय एवं परिसर की साफसफाई के लिए श्रमदान किया जाएगा इसके साथ ही एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण किया जाएगा। शैक्षणिक सामूहिक प्रदर्शन अंतर्गत समुदायों को सोर्स सेग्रीगेशन, रिसायकिलिंग तकनीक और खाद बनाने के लिए इंटरएक्टिव सत्र और प्रदर्शनी का आयोजन, शालाओं में स्वछता विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन, कविता लेखन, क्विज, जिंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।ग्रामीण क्षेत्रों में फूड जोन सफाई, कचरा संग्रहण एवं उचित प्रबंधन का कार्य किया जाएगा। स्वच्छ भारत कल्चरल फेस्ट अंतर्गत क्षेत्रीय पारंपरिक कला एवं संस्कृति के माध्यम से स्वच्छता का सन्देश का प्रचार किया जाएगा। जीरो वेस्ट इवेंट पद्धति पर विशेष अभियान का आयोजन किया जाएगा। जवाहर नवोदय विद्यालय एवं छात्रावासो में वेस्ट टू आर्ट के माध्यम से सुसज्जित करना एवं क्विज का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही स्वच्छता रैली, स्वच्छता संवाद, मानव श्रृंखला, विशेष ग्रामसभा, स्वछता चौपाल, स्वच्छता दौड़, साईकिल रैली और मैराथन का आयोजन कर स्थानीय समुदायों को शामिल किया जाएगा।

बेहतर परिणाम के लिए प्रतिमाह होगा नियमित टेस्ट : दीपक सोनी

बलौदाबाजार, 8 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले की बोर्ड परीक्षा में गुणात्मक वृद्धि के लिये इस शैक्षणिक सत्र में प्रतिमाह सभी बच्चों का मासिक इकाई मूल्यांकन करने का निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए है। जिला शिक्षा अधिकारी हिमाशु भारती ने बताया की यह परीक्षा जिले के 204 शासकीय हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में प्रतिमाह आयोजित की जावेगी। इसका प्रश्न पत्र जिला के विषय विशेषज्ञ समूह (पीएलसी ग्रुप) द्वारा बोर्ड के द्वारा निर्धारित ब्लू प्रिंट के आधार पर तैयार किया जा रहा है। यह प्रश्न पत्र तैयार कर प्रत्येक विद्यालय में निर्धारित तिथि व समय पर आयोजित किया जा कर, उसका मूल्यांकन विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा किया जायेगा। मासिक इकाई मूल्यांकन परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात् उत्तर पुस्तिका का अवलोकन विद्यार्थियों व पालकों को कराया जायेगा, विशेष रूप से शासन द्वारा प्रारंभ की गई मेगा पीटीएम के साथ, प्रतिमाह पालकों को आमंत्रित कर उनकी उत्तरपुस्तिका का अवलोकन कराकर, प्रगति से अवगत कराया जायेगा।

न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

ग.प्र.क्र. 202401220600008/ अ-21/ वर्ष 2023-24

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/दानकर्ता सुनीति बाई पति जीवन लाल बोदले निवासी छुरा तहसील छुरा द्वारा ग्राम पण्डरीपानीडीह में स्थित आवासीय प्रयोजनार्थ परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 91/2 रकबा 0.20 हे. भूमि को अपने सुपुत्र अर्थात् अनावेदक सुधाकर बोदले तथा नाती सुविज्ञ बोदले व सार्थक बोदले के पक्ष में दान/अंतरण की अनुमति हेतु न्यायालय कलेक्टर जिला गरियाबंद के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किये है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/ शासकीय/अर्द्धशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 20.09.2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद-मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
छुरा (छ.ग.)

भैंसबोड़ में मितान धारा फाउंडेशन के तत्वावधान में हुआ खेलकूद का आयोजन

मितान फाउंडेशन का उद्देश्य बेसहारा को सहारा देना : गिरेन्द्र विश्वकर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 8 सितम्बर। भैंसबोड में मितान धारा फाउंडेशन के टीम आर्गेनाइजर गिरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा के संयोजन में विविध प्रकार के खेल-कूद का आयोजन किया गया। जिसमें तीजहारिन दीदी, बहन, छोटे-छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों ने बढ़चढ़ कर खेलकूद में भाग लिया! जिसमें हमारे पौराणिक खेल मटका फेड़, चम्मच दौड, जलेबी दौड़, गुब्बारे फूलाना, मोमबत्ती जलाना जैसे विभिन्न प्रकार की खेल आयोजित हुआ, साथ ही उचित इनाम के साथ ससम्मान किया गया और बड़े बुजुर्गों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मितान धारा फाउंडेशन के टीम आर्गेनाइजर गिरेन्द्र विश्वकर्मा ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि मैं अपने क्षेत्र में इस संस्था के माध्यम से समाज सेवा में समर्पित रहूँगा और इस संस्था के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस संस्था का मुख्य उद्देश्य है बेसहारा को सहारा देना और रोजगार के क्षेत्र में प्राथमिकता देना। साथ ही इसके योजना के बारे मे संक्षिप्त मे बताते हैं कि इस संस्था मे शादी(सगुन राशि) करने के लिए

संस्था द्वारा 10000 से 1 लाख तक सहयोग राशि, छट्ठी, शोक कार्यक्रम मे 2000 से 5000 तथा आकस्मिक दुर्घटना होने पर 1000 से 50000 और वित्तीय सहयोग राशि के लिए बिना ब्याज के लोन 10000 से 1 लाख तक लोन साथ मे रोजगार के लिए विभिन्न प्रकार के कार्य दिये जायेंगे जैसे बिहान(महिला समुह) में घर बैठे दोना पत्ता, रुई बनाना एवं कपड़ा उद्योग में प्रोत्साहन देना! रवि साहू ने मंच संचालन को गति देते हुए सभी ग्रामीण के मन को मनमोहित किया इस अवसर पर ईश्वर विश्वकर्मा निलकंठ यादव, नीरज तारक, ओजस्वी साहू, राजेश्वर साहू, भुवनेश्वर साहू उपस्थित रहे इस खेल में बड़ी मात्रा में ग्रामीणों के साथ-साथ पहुना दीदी बहन उपस्थित हुए।

एक नजर

शिल्प कौशल का कमाल

रायपुर, 8 सितम्बर। भारत के पहले इंटेलिजेंट क्रासओवर यूटीलिटी (सीयूवी) का एयरोग्लाइड डिजाइन शिल्प कला का अनुपम उदाहरण है। यह अल्ट्रा मार्डन डिजाइन बेहतर शिल्प कौशल के साथ एडवांस्ड एयरोडायनामिक्स को सहजता से एकीकृत करता है। ब्रांड न्यू विंडसर को ब्रिटेन के प्रतिष्ठित विंडसर महल से प्रेरणाकर तैयार किया गया है। एमजी विंडसर बारीक शिल्प कौशल और उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। ठीक उसी तरह जैसे कि यह ऐतिहासिक महल करता है।

शुभ खरीदारी के लिए बाजार तैयार

रायपुर, 8 सितम्बर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष- राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि शुभ खरीदारी के लिए प्रदेश भर में बाजार तैयार हो गए है और आटोमोबाइल इलेक्ट्रानिक्स, सराफ के साथ ही बाजारों में गणेश मूर्तियां, पूजन सामग्री व सजावटी सामानों के दुकान सजकर तैयार हो गए हैं। आज गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ चेंबर आफकामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अमर पारवानी एवं चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने बाजार का जायजा लिया। अध्यक्ष पारवानी ने कहा कि इस वर्ष गणेश पक्ष में जबरदस्त कारोबार रहेगा। पारवानी ने कहा कि प्रदेश भर में गणेश चतुर्थी का त्यौहार बेहद उत्साह से मनाया जाता है। शनिवार को बप्पा घरों एवं पंडालों में विराजमान होंगे। 17 सितंबर तक यह महोत्सव चलेगा। सुख समृद्धि एवं वैभव के दाता गणेश जी की कृपा प्रदेश के व्यापार पर दिख रहा है। गणेश चतुर्थी के इस सुअवसर पर व्यापार जगत में बूम आया हुआ है। लोग बड़ी संख्या में आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक, ज्वेलरी, प्रापर्टी आदि में निवेश कर रहे है।

गणेश चतुर्थी ने त्योहारी सीजन की बिक्री को दी नई ऊंचाई

रायपुर, 8 सितम्बर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि गणेश चतुर्थी, जो भारत में एक व्यापक रूप से मनाया जाने वाला हिंदू त्योहार है, इस बार पूरे देश में अभूतपूर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कनफ़ेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के एक अनुमान अनुसार, इस त्यौहार के दौरान 25, 000 करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होने की उम्मीद है, जिसमें भारतीय व्यापारियों ने पूरी तरह से चीनी उत्पादों का बहिष्कार किया है।

कल सियासत में भी मोहब्बत थी... अब मोहब्बत में भी सियासत है...

राजनीति और सिनेमा दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें हाई- वोल्टेज ड्रामा की उम्मीद की जाती है। इंडस्ट्री में राजनीतिक एजेंडे पर फिल्में बनाने का चलन पुराना है। इसमें नया नाम जुड़ा है कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' काफ हालांकि, भारी विवाद के चलते यह फिल्म एक बार फिर टाल दी गई है। लेकिन कंगना रनौत की इमरजेंसी पहली फिल्म नहीं है, जो राजनीति के शोर के चलते टाली गई हो। इससे पहले हिंदी सिनेमा में कई फिल्में बनीं, जो राजनीति की भेंट चढ़ गईं, नेताओं, संगठनों को पसंद नहीं आईं, खास कर पूर्व पीएम के जीवन पर बनी फिल्मेंज*किस्सा कुर्सी का-शबाना आजमी राजबब्बर, सुरेखा सीकरी अभिनीत यह फिल्म भी विवादित राजनीतिक ड्रामा साबित हुई।अमृत नाहटा के निर्देशन में फिल्म 1974 में बनकर तैयार हुई थी।19 75 में आपातकाल लगने के कारण इसकी रिलीज को टाल दिया गया था। आपातकाल के दौरान तब की सरकार ने इस फिल्म को देखा, इसमें बदलाव भी करने को कहा। साथ ही इसके प्रिंट भी जब्त किये गए। किसी तरह 1978 में किस्सा कुर्सी का रिलीज हुई। लेकिन राजनीतिक व्यंग्य के तौर पर इस फिल्म की खूब चर्चा हुई।*आंधी- आपातकाल के दौरान संजीव कुमार, सुचित्रा सेन की फिल्म आंधी भी रिलीज के लिए तैयार थी। निर्देशक गुलजार कीफिल्म पर तब की पीएम इंदिरा गांधी और उनके पति के बीच संबंधों को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगा।हालांकि, 1977 में जब इंदिरा की सरकार गिरी तो आंधी की रिलीज का भी रास्ता साफहुआ।*इंदु सरकार- कंगना की इमरजेंसी से पहले निर्देशक मधुर भंडारकर की फिल्म इंदु सरकार 1975 भी इमरजेंसी के दौर की कहानी को बड़े पर्दे पर दिखा चुकी है। इस फिल्म को लेकर खूब राजनीतिक लाभ उठाया गया। कांग्रेस ने इस फिल्म का कड़ा विरोध किया। इंदु सरकार की रिलीज डेट को आगे नहीं बढ़ाया गया और इसे 2017 में रिलीज किया गया। *इमरजेंसी- कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी 6 सितंबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होनी थी। लेकिन इस फिल्म को सेंसर बोर्ड से हरी झंडी नहीं मिली और सिख समुदाय के ही कुछ लोगों ने इस फ़िल्म को लेकर कोर्ट में याचिका दायर की।आरोप है कि फिल्म में सिख समुदाय की छवि को गलत तरीके से पेश किया गया है। फिलहाल, इसकी रिलीज को अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है।वैसे बेलबॉटम, सैम बहादुर और रेड जैसी अन्य बॉली वुड फिल्में हैं, जिनमें कई मशहूर लोगों ने इंदिरा गांधी का किरदार निभाया, सहा यक, सकारात्मक भूमिकाएं होने के कारण, ये फिल्में किसी विवाद में नहीं फंसीं, खासकर कहानी की वजह से।

मोदी सरकार के एक मंत्री आपातकाल और जेल...



भाजपा की मोदीनीत भारत सरकार ने 25 जून के दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया है, जिसमें मृतकों की हत्या को गंभीर साजिश की याद दिलाई गई है।मोदी मंत्रिमंडल में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आपात काल के विरोध में सक्रिय थे और जेपी मूवमेंट से जुड़े हुए थे। एक साक्षात्कार में बताया था कि आपातकाल के दौरान वह18 महीने जेल में रहे, उस समय आयु 23- 24 के बीच थी।सिंह को इमरजेंसी के दौरान उनके घर से बंदी बनाया गया था, पहले मिर्जापुर की जिला जेल बाद में केन्द्रीय जेल नैनी में रखा गया था।वर्तमान में राजनाथ सिंह, लखनऊ से सांसद हैं। 2014 से 2019 के बीच मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के गृहमंत्री भी रह चुके हैं।

महिला राष्ट्रपति की 'महिला असुरक्षा' पर चिंता...

2015 में अचानक शब्द असहिष्णुता जबरदस्त चर्चा में आया।जब आमिर खान ने पत्नी किरण राव के हवाले से एक बार देश में बढ़ती इन्टॉलरेंस पर चिंता जताते असुरक्षा के माहौल का जिक्र किया।तब कुछ भाजपाइयों ने आसमान सिर पर उठा लिया और उनको 'गो टू पाकिस्तान' टाइप के ताने मारे, निर्ममता से उन्हें ट्रोल किया गया, गालियां दी गई।आज हमारी राष्ट्रपति को आलीशान महल में बैठकर, तमाम लाव- लश्कर, तीनों सेनाओं की मुखिया होने

के बावजूद डर लग रहा है?लेकिन मजाल है भाजपा या आर एसएस के राष्ट्रवादियों ने एक शब्द भी कहा है..? तब इसलिए हंगामा किया था क्योंकि उसका नाम आमिर खान है ? आखिर कहां से लाते हैं.., कैसे कर लेते हो अपने राष्ट्रवाद का जंगी प्रदर्शन? पूरा देश देख रहा है, आपके राष्ट्रवाद को पहचान भी रहा है?

अमेरिका का वीजा नहीं मिला डिप्टी सीएम को...



छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव को अमेरिका दौरे पर जाना था। अमेरिका ने वीजा नहीं दिया। जिसके कारण दौरा रद्द हो गया है। साथ पीडब्ल्यूडी के सचिव कमलप्रीत भी जाने वाले थे।साव के साथ 4 दिन दिल्ली में रुके रहे।वीजा नहीं मिला दोनों को रायपुर लौटना पड़ा है।अमेरिका दौरे के लिए डिप्टी सीएम साव, सचिव 26 अगस्त को रायपुर से दिल्ली पहुंचे थे। उम्मीद थी कि डिप्टी सीएम के साथ उनके सचिव को अमेरिका वीजा जारी कर देगा लेकिन 4 दिन की कोशिश के बाद भी वे लोग खाली हाथ रहे वैसे, 2005 में अमेरिका ने पीएम, गुजरात के सीएम नरेंद्र मोदी का भी वीजा बैन कर दिया था। हालांकि पी एम बनने के बाद मोदी के ऊपर से बैन हटा लिया गया था। 2014 में अमेरिका गए तो तब के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उनका जोरदार स्वागत किया था।अमेरिका ने माना था कि मोदी को वीजा नहीं देना एक दाग की तरह था।

लौट रहे हैं मूल कॉडर में छग के आईएएस...

छग कॉडर के आईएएस प्रतिनियुक्ति से अब मूल प्रदेश लौट रहे हैं, अमित कटारिया, रजत कुमार ने तो नये मंत्रालय में आमद भी दे दी है। सुबोध सिंह, रोहित यादव के जल्दी ही लौटने की चर्चा है। इधर छग में नई सरकार बनने के बाद ऋचा शर्मा, सोनमणि वोरा, अविनाश चम्पावत, रितुसेन पहले ही केंद्र से छग लौट चुके हैं, सूत्र कहते हैं कि मंत्रालय में सचिव स्तर पर एक फेरबदल भी जल्दी होने की संभावना है?

हिमांशु जेल डीजी राजेश हटाए गये...

छग शासन ने वरिष्ठ आई पीएस हिमांशु गुप्ता को महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं के पद पर पदस्थ किया है। वहीं राजेश कुमार मिश्रा को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी पीएचक्यू, संचालक, राज्य न्यायायिक विज्ञान प्रयोग शाला, पद पर पदस्थ किया गया है।यहाँ यह बताना जरुरी है कि फरवरी 25 में वैसे भी राजेश का सेवा निवृति के बाद मिला एक साल का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

और अब बस...

- सीएम विष्णु देव साय ने भाजपा कार्यकर्ताओं से 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है।
- ऑपरेशन प्रहार में बीते 8 महीनों में जवानों ने 153 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया है।
- कांग्रेस ने टीएस सिंहदेव को जम्मू-कश्मीर, हरियाणा झारखण्ड, महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों में घोषणा पत्र बनाने की बड़ी जिम्मेदारी दी हैं।
- प्रफुल्ल ठाकुर और विजय पांडे को आईपीएस अवार्ड हो गया है।

गणेशोत्सव

रायपुर। नवयुवक बजरंग गणेशोत्सव, गोलबाजार।

सार्वजनिक गणेशोत्सव चिकनीमंदिर।

आदर्श सोशल एंड स्पोर्ट्स क्लब सोनकरपारा

अतिथि व्याख्याताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

रायपुर, 8 सितंबर। छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग की नई नीति से अनुभव प्राप्त अतिथि व्याख्याता बेरोजगार हो गए हैं. इस पर अतिथि व्याख्याताओं ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है. याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने उच्च शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

याचिकाकर्ता रजनी अग्रवाल एवं अन्य बनाम छत्तीसगढ़ राज्य एवं अन्य के तहत याचिका में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के आदेश को भी चुनौती दी गई है. शीर्ष न्यायालय में जस्टिस पामिदिघंटम नरसिम्हा एवं जस्टिस संदीप मेहता का कोरम इस मामले में शुक्रवार को निर्धारित था।

पूर्व में हाई कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए नियमित भर्ती होने तक यथावत सेवा मे रहने का आदेश दिया था. जिसको अतिथि व्याख्याता नीति 2024 के तहत हाई कोर्ट में ही रिट याचिकाओं को निराकृत बताया गया. पुनः सिंगल बेंच में अपने विषय के विरूद्ध जारी विज्ञापनों पर व्याख्याताओं ने स्टे आर्डर के तहत पुनर्नियुक्ति की मांग रखी थी. पालिसी 2024 के 13.2 में जिन व्याख्याताओं को न्यायालय से स्थगन प्राप्त है, उन्हें यथावत रखने की कंडिका के बावजूद विभाग द्वारा सिर्फ श्रेणी 01, 02 एवं 03 के व्याख्याताओं को बिना विज्ञापन यथावत रखा गया है।

वहीं लंबे समय से कार्यरत पीजी प्लेन अतिथि व्याख्याता पद पर बिना सूचना दिए बड़ी संख्या में विज्ञापन निकाला गया, जिससे लगभग हजारों व्याख्याता एकाएक बेरोजगार हो गए. सुप्रीम कोर्ट ने एडवोकेट सीपी मिश्रा के माध्यम से एसएलपी स्वीकार करते हुए उच्च शिक्षा विभाग को नोटिस जारी किया है. पालिसी के कंडिका 13.2 /9.6 एवं यूजीसी मापदंड एवं विनियम के तहत महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में पढ़ाने की न्यूनतम योग्यता पर प्रश्नचिन्ह लगाया है।

छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नई नीति बनाई गई है, जिसमें एक तरफतो डिग्रीधारकों को यथावत रख लिया गया है, वहीं दूसरी ओर 10-12 वर्षों से अनुभव प्राप्त अतिथि व्याख्याताओं को बिना किसी सूचना के बाहर का रास्ता दिखा दिया गया. व्याख्याताओं एवं उन पर आश्रित परिवार पर भारी आर्थिक समस्या खड़ी हो गई है।

याचिकाकर्ता अंकुश सिंह सिसोदिया ने कहा कि अगर शासन को उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षक चाहिए थे तो सभी अतिथि व्याख्याताओं के पदों पर समान रूप से रिक्तियां जारी करनी थी, लेकिन अनुभव प्राप्त लोगों का हटाया जाना भेदभावपूर्ण है. नीति 2024 शुरू से ही विवादों का सामना कर रही है।

घुमंतू पशुओं को खिलाया जाएगा हरा चारा

रायपुर, 8 सितम्बर। आचार्य जिनमणि प्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर धर्म आराधना के साथ ही मानव सेवा जीवदया के कार्य किये जा रहे हैं । सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर संकल्प लिया गया कि वर्षभर जीवदया के कार्य जारी रखा जावेगा। मूक पक्षियों के लिए उच्च क्वालिटी का 500 नग दाना फीडर जैन घरों को देने का लक्ष्य रखा गया है। कोचर ने आगे बताया कि सप्ताह में दो दिन घुमंतू पशुओं गायों सांडों को हरा चारा खिलाए जाएंगे। आज मंदिर जी में गुरुदेव के सम्मुख सीमंधर महिला मंडल व ट्रस्ट मंडल ने दाना फीडर वितरण का शुभारंभ किया गया। तीर्थंकर परमात्मा के जन्म के पश्चात सर्वप्रथम इंद्राधिराज भगवान को मेरु पर्वत पर ले जाकर जन्म महोत्सव मनाते हैं, इसी प्रतिरूप में पर्युषण पर्व धर्म आराधना करते हुए प्रातः शुभ मुहूर्त में भगवान महावीर स्वामी का स्नात्र पूजन मेरु पर्वत सदृश्य तिगड़े पर अष्टप्रकारी पूजन सह किया गया। आज रात्रि सुप्रसिद्ध भजन गायक नवीन चोपड़ा की प्रभु भक्ति होगी, जिसके लाभार्थी तिलोकचंद शान्ति अशोक बरड़िया परिवार हैं।

सीमेंट की एकाएक बढ़ी कीमतों पर सांसद ने जताई नाराजगी

रायपुर 8 सितंबर। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सीमेंट की बढ़ी कीमतों पर तीखी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने सीमेंट की बढ़ी कीमतों को कम करवाने के लिए मुख्यमंत्री , केंद्रीय मंत्री और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखा है। एकाएक प्रति बोरी 50 रुपए की वृद्धि को वापस लेने की मांग की है।

अपने पत्र में बृजमोहन अग्रवाल ने लिखा है कि, छत्तीसगढ़ खनिज, लौह, कोयला, उर्जा संपदा से भरपूर प्रदेश है, इसके बावजूद भी सीमेंट कम्पनियों के संगठनों द्वारा एक कार्टेल बनाकर सीमेंट की कीमतों में 03 सितम्बर 2024 से बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है। सीमेंट कम्पनियो का रवैया छत्तीसगढ़ की भोली-भाली जनता को लुटने व एकछत्र राज करने जैसा हो गया है। सरकार को सीमेंट फैक्ट्रियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए सीमेंट की बढ़ाई गई कीमत को वापस कराकर आम जनता को राहत दिलाने की जरूरत है। बृजमोहन अग्रवाल का कहना है कि, सीमेंट कम्पनियों को छत्तीसगढ़ में ही खदाने, कोयला, उर्जा, सस्ती बिजली, सस्ती एवं सुलभ श्रमिक उपलब्ध हो रही है। छत्तीसगढ़ के सारे संसाधनों का इनके द्वारा दोहन किया जा रहा है। सीमेंट कम्पनियों को उत्पादन के लिए कच्चा माल से लेकर उर्जा तक सभी वस्तुएँ छत्तीसगढ़ में कम दरों पर उपलब्ध है। उसके बावजूद सीमेंट के कीमतों में वृद्धि सीधे-सीधे छत्तीसगढ़ की जनता के उपर भार है।

छत्तीसगढ़ में सीमेंट का प्रत्येक महीने लगभग 30 लाख टन (6 करोड़ बैग) उत्पादन किया जाता है। जिसकी कीमतों में एकाएक 50 रूपये तक की प्रति बोरी के हिसाब से वृद्धि की गई है। प्रदेश में सभी सीमेंट कम्पनियाँ, 03 सितम्बर 2024 के पहले लगभग 260 रू. प्रति बोरी सीमेंट बेच रही थीं। जिसे अचानक एक दिन में लगभग 310 रूपये कर दिया गया है। वहीं सरकारी एवं जनहित के प्रोजेक्ट के लिए मिलने वाला सीमेंट 210 रूपये प्रति बोरी से बढ़ाकर 260 रूपये प्रति बोरी कर दिया गया है। सीमेंट की कीमतों में एक ही दिन में लगभग 50 रूपये प्रति बोरी की वृद्धि जनता के उपर आर्थिक बोझ है।

सीमेंट की कीमतों में में यह वृद्धि से छत्तीसगढ़ में चल रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट, सड़क, भवन, पुल-पुलिया, नहर, स्कूल, कॉलिज, आंगनबाड़ी भवनों सहित गरीबों के लिए निर्मित पी.एम. आवास योजना पर भी असर पड़ेगा। तथा सभी शासकीय प्रोजेक्ट की लागत बढ़ जायेगी। जो राज्य हित और देश हित दोनों के लिए उचित नहीं है।

नेत्रदान को पारिवारिक परम्परा बनाएं : दिनेश मिश्र

रायपुर, 8 सितम्बर। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा एक व्यक्ति के नेत्रदान के द्वारा दो दृष्टिहीन व्यक्तियों के जीवन में प्रकाश आ सकता है, स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों को नेत्र दान के लिए प्रेरित कर नेत्र दान को अपनी पारिवारिक परम्परा बनाएं। राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के अवसर पर रामकृष्ण शिक्षण संस्थान में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉ दिनेश मिश्र(नेत्र रोग), डॉ वी पी पाठक(जनरल फिजिशियन), डॉ सृष्टि मिश्र(त्वचा रोग विशेषज्ञ)डॉ सुरभि मिश्र(कान नाक गला,) डॉ अबीर मिश्र (डेंटल सर्जन) ने निशुल्क सेवाएं दीं।

डॉ दिनेश मिश्र ने नेत्र दान के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कहा किसी दृष्टिहीन व्यक्ति के कठिनाई भरे जीवन का अंदाज सिर्फआप कुछ पलों के लिए अपनी आँखें बंद कर ही लगा सकते हैं आँखें बंद करते ही मन में एक भय व असुरक्षा की भावना समाज जाती है और तत्काल आँखें खोलने पर मजबूर हो जाते हैं। प्रकाश व दृष्टि से परे, जीवन का एक दूसरा रूप यह भी जानिए कि पूरी दुनिया में करीब 3 करोड़ लोग पूरी तरह से दृष्टिहीन हैं। भारत में 1 करोड़ 20 लाख लोग पूरी तरह से दृष्टिहीन हैं। 80 लाख लोगों की एक आँख खराब है तथा 4-5 करोड़ लोग कम दृष्टि के कारण घर से बाहर निकलने, मन-माफिक काम करने, चलने-फिरने से पूरी तरह बाधित हैं।

प्रकृति ने जीव को दृष्टि एक ऐसा अमूल्य उपहार दिया है जिसकी कोई कीमत नहीं आंकी जा सकती है। जिस अंधकार में हम एक क्षण बिताने की कल्पना नहीं कर सकते, उसी गहन अंधकार में कितने ही लोग जिन्दगी गुजारने को मजबूर हैं। क्या इनके जीवन में प्रकाश की कोई किरण आ सकती है। इस प्रश्न का उत्तर निःसंदेह हाँ, इनमें से काफी लोग मरणोपरांत नेत्रदान से लाभ उठा सकते हैं। आंखों के स्वच्छ पटल अथवा कार्निया में सफेदी आने से होने वाले अंधत्व के उपचार के लिए नेत्र दान से प्राप्त कॉर्निया मिलना आवश्यक है।





कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26